

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 15 मार्च 2026

संवत 2082, चैत्र कृष्ण 12 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 179 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ साइंस और गणित के छात्रों की तरह ह्यूमैनिटीज में भी है कई करियर विकल्प

एक्टिंग से ब्रेक ले सकते है वरुण 6




# पश्चिम बंगाल- असम समेत 5 राज्यों में चुनाव की घोषणा आज

## शाम 4 बजे चुनाव आयोग करेगा तारीखों का एलान




**नई दिल्ली:** भारतीय निर्वाचन आयोग आज पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान करेगा। जिन राज्यों में चुनाव होने हैं उनमें असम, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। इसे लेकर चुनाव आयोग द्वारा शाम करीब 4 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की जाएगी।

दरअसल, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने हाल ही में अपनी टीम के साथ सभी पांच चुनावी राज्यों का दौरा पूरा कर लिया है। इस दौरान उन्होंने पांचों राज्यों में चुनाव तैयारियों का जायजा लिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में आयोग की टीम ने प्रशासनिक अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक कर चुनाव संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान आयोग ने राज्य के सभी पहलुओं पर चर्चा की और चुनाव प्रक्रिया को लेकर विस्तार से बात की।

5 राज्यों में कितने चरणों में होंगे चुनावः सूत्रों के मुताबिक सुरक्षा और भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए पश्चिम बंगाल में इस बार 4 से 8 चरणों में मतदान कराया जा सकता है। चुनाव आयोग ने इस बार पश्चिम बंगाल के विशेष तैयारी की है। यही वजह है कि आयोग ने इस बार बंगाल में 4 से 8 चरणों में मतदान कराने की तैयारी में जुटा है। हालांकि आयोग इसमें बदलाव भी करता सकता है।

वहीं चुनाव आयोग असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में एक से तीन चरणों में चुनाव कराने की योजना पर विचार कर रहा है। गौरतलब है कि वर्ष 2021 में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव आठ चरणों में हुए थे, जबकि असम में तीन चरणों में मतदान कराया गया था। वहीं तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में एक ही चरण में चुनाव संपन्न हुए थे।

पश्चिम बंगाल सुरक्षा के लिहाज से ज्यादा संवेदनशीलः कहा जा रहा है कि सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील माने जाने वाले पश्चिम बंगाल में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती भी बढ़ा दी गई है। अब तक करीब 480 बटालियन केंद्रीय बल राज्य में भेजे जा चुके हैं, ताकि मतदान के दौरान शांति और निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके। आयोग चुनाव के ऐलान से पहले और केंद्रीय सुरक्षा बलों को बंगाल भेजेगा।आयोग द्वारा आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी।

## अमित शाह ने असम में की 2,092 करोड़ की स्वास्थ्य परियोजनाओं की शुरूआत



**नई दिल्लीः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को असम में 2,092 करोड़ रुपये की लागत वाली स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। शाह ने यहां 675 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित प्राग्जयोतिषपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) का परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उद्घाटन किया। उन्होंने 'असम कैंसर केयर फाउंडेशन' (एसीसीएफ) के तहत गोलाघाट और तिनसुकिया में निर्मित कैंसर केंद्रों का भी ऑनलाइन तरीके से उद्घाटन किया। इनमें से प्रत्येक केंद्र का निर्माण 135 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है।

उन्होंने दीफू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (220 करोड़ रुपए), जोरहाट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (310 करोड़ रुपए) और बारपेटा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (284 करोड़ रुपए) में सुपर-स्पेशियलिटी अस्पतालों की ऑनलाइन माध्यम से आधारशिला रखी। शाह ने गुवाहाटी में 218 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले स्वास्थ्य भवन और 115 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अभयपुरी जिला अस्पताल की भी आधारशिला रखी। शाह असम के दो दिवसीय दौरे पर शनिवार शाम को यहां पहुंचे थे। पूर्वोत्तर राज्य का चार महीने में उनका यह चौथा दौरा है।

## पंजाब से अमित शाह की हुंकार,बोले

# 2027 में बनाएंगे अकेले सरकार



**चंडीगढ़ः** भाजपा ने पंजाब में 2027 का चुनावी बिगुल फूंक दिया है। मोगा में बदलाव रैली में पहुंचे गृह मंत्री ने केसरी रंग की पगड़ी पहन कर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पगड़ी देश पर गुरुघर के कर्ज का प्रतीक है। शाह ने यह भी कहा कि 2027 में भाजपा पंजाब में सरकार बनाएगी। शाह के इस बयान से स्पष्ट हो गया कि अकाली दल से गठबंधन के अभी कोई आसार नहीं हैं। शाह ने वादा किया कि बीजेपी की सरकार बनी, तो दो साल में ही नशे को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। शाह ने यह भी कहा कि पंजाब में कॉमेडी करने वाला सीएम नहीं, बल्कि काम करने वाला मुख्यमंत्री चाहिए। शाह ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल का एटीएम बताया। उन्होंने कहा कि अगर बंटवारे के वक्त भाजपा की सरकार होती, तो करतारपुर साहिब पाकिस्तान में नहीं बल्कि भारत में होता।

सरकार बनते ही धर्म परिवर्तन रोकने को लाएंगे विधेयकः शाह ने कहा कि साल 2027 में पंजाब में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर राज्य को दो साल के भीतर नशा मुक्त कर दिया जाएगा। श्री शाह ने कहा कि राज्य में बढ़ रहे धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए सरकार के पहले दो महीनों में ही धर्म परिवर्तन रोकने के लिए विधेयक लाया जाएगा।

## उरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम सेना ने मार गिराया पाकिस्तानी आतंकी



**श्रीनगरः** जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सुरक्षाबलों ने कल रात घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम कर दिया और इस ऑपरेशन के दौरान एक संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। कश्मीर क्षेत्र में इस वर्ष नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की यह पहली कोशिश थी, जिसे शनिवार की रात उरी सेक्टर के बुछार इलाके में जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिली एक विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर नाकाम कर दिया गया। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्ल पर बताया कि डिग्गी 2 उरी नाम का यह ऑपरेशन अभी भी जारी है। सेना ने कहा, पुलिस से घुसपैठ की कोशिश के बारे में मिली खुफिया जानकारी के आधार पर शनिवार की रात उरी सेक्टर के बुछार इलाके में एक संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया गया। चौकस जवानों ने झाड़ियों में एक आतंकवादी की संदिग्ध हलचल देखी। घात लगाकर आतंकवादी को ललकारा गया, जिसके जवाब में उसने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। सेना ने बताया कि मौके से एक राइफल, पिस्तौल और भारी मात्रा में गोला-बारूद सहित युद्ध में इस्तेमाल होने वाला सामान बरामद किया गया है।

## घर में घुसकर अपराधी ने की फायरिंग, दहशत



**रांचीः** राजधानी रांची के कांके थाना क्षेत्र के सुकुरहुट्टू गांव में उस समय सनसनी फैल गई, जब अपराधियों ने एक घर में घुसकर फायरिंग कर दी। घटना में घर के मालिक शिव महतो बाल-बाल बच गए। फायरिंग की आवाज से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा और एक जिंदा गोली बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार, सुकुरहुट्टू गांव निवासी शिव महतो अपने घर में मौजूद थे। इसी दौरान दो अपराधी अचानक उनके घर में घुस आए और उन पर फायरिंग कर दी। हालांकि, किस्मत अच्छी रही कि गोली शिव महतो को नहीं लगी और वे किसी तरह बाल-बाल बच गए। फायरिंग के बाद दोनों अपराधी मौके से फरार हो गए। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी घरों से बाहर निकल आए, लेकिन तब तक हमलावर भाग चुके थे।

घटना के बाद पूरे गांव में डर और दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह घर में घुसकर फायरिंग की घटना से लोग सहम गए हैं। लोगों ने बताया कि फायरिंग की आवाज सुनकर पहले तो किसी को समझ ही नहीं आया कि क्या हुआ है, लेकिन जब जानकारी मिली तो पूरे इलाके में चर्चा शुरू हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कांके पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मौके से दो खाली खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। आसपास के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है, ताकि हमलावरों की पहचान हो सके।

## जमशेदपुरः पार्टी में खाने के दौरान गले में फंसा रसगुल्ला, मौत

**जमशेदपुरः** एमजीएम थाना क्षेत्र के बेलाजुड़ी पंचायत के मलियंता गांव के रहने वाले 41 वर्षीय ललित सिंह के गले में रसगुल्ला फंसने से मौत हो गई।

**चला, दो की मौके पर मौत :** जानकारी के अनुसार, ललित गांव के ही एक व्यक्ति के पार्टी में गये थे। परिवार के सभी लोग पार्टी में खाना खा चुके थे। ललित सिंह खाना खा रहे थे। खाना खाने के दौरान गले में खाना फंसने से वे काफी बेचैन हो गये।

उसके बार मौके पर मौजूद परिवार के लोगों ने उन्हें पानी पिलाया, लेकिन ज्यादा बेचैन होने के कारण उन्हें फौरन एमजीएम अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ललित सिंह के गले में रसगुल्ला के फंसने से मौत होने की बात सामने आ रही है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारण का पता चल पायेगा।

# पारिवारिक कलह में युवक ने की आत्महत्या, सनसनी

## युवक ने की थी दो सगी बहनों से शादी ,पेड़ से लटककर दी जान



**दुमकाः** जिले के मसलिया थाना क्षेत्र के जामजोरी गांव में एक 35 वर्षीय युवक की पारिवारिक कलह ने जिंदगी छीन ली। रविवार सुबह ग्रामीणों ने पहाड़िया टोला के नीचे एक कुरुंज पेड़ पर विनोद मरांडी का शव फांसी के फंदे से लटकता देखा। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी और मौके पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए।

सूचना मिलने के बाद मसलिया थाना पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका भेज दिया। मौके पर पुलिस पदाधिकारी उमेश सिंकू सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद थे ।

पुलिस और परिजनों के अनुसार, विनोद मरांडी की पहली शादी लगभग दस साल पहले जामजोरी गांव की युवती से हुई थी। इस जोड़े का एक सात वर्षीय बेटा है। बाद में विनोद का प्रेम संबंध पत्नी की छोटी बहन से बन गया। बाद में परिवार की सहमति से विनोद ने साली से भी शादी कर ली, जिससे उनकी तीन वर्षीय बेटी है।

पिछले कुछ महीनों से दोनों बहनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। दो दिन पहले भी गांव वालों ने इस झगड़े को सुलह करा दिया था, लेकिन शनिवार रात जामजोरी स्थित ससुराल में फिर से बहनों और विनोद के बीच विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि इस झगड़े से विनोद मानसिक रूप से टूट गया और रात के अंधेरे में घर से बाहर निकल गया।

रविवार सुबह ग्रामीणों ने गांव के पास कुरुंज पेड़ पर विनोद का शव फांसी के फंदे से झूलता देखा। इस दृश्य ने इलाके में डर और शोक फैला दिया। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। मसलिया थाना पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हो गया है कि विनोद का मानसिक तनाव और पारिवारिक विवाद उसकी मौत का मुख्य कारण माना जा रहा है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ भी शुरू कर दी है और शव के पोस्टमार्टम की रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, ताकि मौत के असली कारण का पता लगाया जा सके। इस घटना ने गांव में पारिवारिक कलह और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों और प्रशासन ने मृतक परिवार को सांत्वना दी और मामले की आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एलपीजी पर भारत को बड़ी राहत, 92700 टन गैस से लदे दो जहाजों ने पार किया होर्मुज स्ट्रेट

## ▸ 2-3 दिन में भारत पहुंचेंगे ▸ 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कामर्शियल सिलेंडर की सप्लाई फिर शुरू



**नई दिल्लीः** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत सरकार ने एक साथ चार मंत्रालयों की ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए देश को आश्वस्त किया है। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार है और पैनिक बुकिंग की कोई आवश्यकता नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए अमरीका, इजरायल और ईरान के साथ निरंतर कूटनीतिक संपर्क में है। राहत की बड़ी खबर यह है कि भारतीय जहाज शिवालिक और नंदा देवी ने दुनिया के सबसे संवेदनशील समुद्री मार्ग स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज को सफलतापूर्वक पार कर लिया है और वे 16-17 मार्च तक मुंद्रा और कांडला पोर्ट पहुंच जाएंगे। दोनों जहाज कुल 92,700 टन एलपीजी लेकर भारत आ रहे हैं। वर्तमान में खाड़ी क्षेत्र में भारतीय ध्वज वाले 22 जहाज मौजूद हैं। इनमें छह एलपीजी और एक एलएनजी टैंकर शामिल हैं, जो घरेलू रसोई गैस और बिजली उत्पादन के लिए अनिवार्य हैं। इसके अलावा, चार क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) टैंकर और एक केमिकल प्रोडक्ट ले जाने वाला जहाज भी वहां मौजूद है। चार मंत्रालयों की ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में पश्चिम एशिया में गहराते तनाव के बीच विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्पष्ट किया कि भारत इस पूरे संकट पर पैनी नजर रखे हुए है। भारत वर्तमान में अमरीका, इजरायल और ईरान के साथ निरंतर कूटनीतिक चैनलों के माध्यम से संपर्क में बना हुआ है। इस सक्रियता का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करना है।

पश्चिम एशिया में अस्थिरता का सीधा असर वैश्विक तेल आपूर्ति और कीमतों पर पड़ता है, जिससे भारत के आर्थिक हित जुड़े हैं। सरकार कूटनीतिक माध्यमों से यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि क्षेत्र में तनाव के बावजूद भारत की ऊर्जा जरूरतों और समुद्री व्यापारिक मार्गों में कोई बाधा न आए। विदेश मंत्रालय ने पश्चिम एशिया संकट के बीच देश को आश्वस्त किया है कि भारत के पास उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। पिछले वर्ष के मुकाबले ज्यादा भंडार मौजूद है। विदेश सचिव रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार कूटनीतिक चैनलों के जरिए आपूर्ति श्रृंखला पर नजर रख रही है, ताकि तनाव के बावजूद किसानों को खाद की कोई किल्लत न हो। वहीं पेट्रोलियम मंत्रालय ने बताया है कि देश में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। एलपीजी जरूर चिंता का विषय है, लेकिन स्टॉक खत्म होने की रिपोर्ट नहीं मिली है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पैनिक बुकिंग पर चिंता जताई है, जो अचानक 75 लाख से बढकर 88 लाख प्रतिदिन पहुंच गई है। भारत में सामान्य दिनों में लगभग 55 लाख घरेलू एलपीजी सिलेंडर बुक होते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त उत्पादन हो रहा है। ईरान युद्ध के बीच इसकी जमाखोरी करने की जरूरत नहीं है। 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई फिर से शुरू कर दी गई है और कमर्शियल उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन की ओर प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि एलपीजी पर दबाव कम हो सके। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली-एनसीआर में औद्योगिक और घरेलू स्तर पर बायोमास और वैकल्पिक ईंधन के उपयोग को एक महीने के लिए अनुमति दे दी है। यह फैसला सर्दियों में बढ़ने वाले प्रदूषण और ऊर्जा की बढ़ती मांग के बीच संतुलन बनाने की कोशिश है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि सर्दियों के दौरान घरेलू एलपीजी की निर्बाध सप्लाई सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि आम जनता को रसोई ईंधन की किल्लत न हो।

**1.72 लाख भारतीयों की वतन वापसी :** मिनिस्ट्री ऑफ पोर्ट्स शिपिंग एंड वाटरवेज के विशेष सचिव राजेश के सिन्हा ने बताया कि फारस की खाड़ी में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी कि अब तक 1.72 लाख यात्री सुरक्षित भारत लौट चुके हैं। खाड़ी देशों से 253 नाविकों को भी वापस लाया गया है। मस्कट की घटना पर अपडेट देते हुए बताया गया कि वहां पांच भारतीयों की जान गई है और एक लापता है, जिसकी तलाश जारी है।



## बाबू खान के चेयरमैन बनने पर हाजी शाह उमैर ने दी बधाई, सामाजिक विकास पर हुई चर्चा

**रांची :** जमीयत उलेमा झारखंड के जनरल सेक्रेटरी हाजी शाह उमैर ने चतरा के नवनिर्वाचित चेयरमैन अता-उर-रहमान उर्फ बाबू खान (बाबू भाई) से शिष्टाचार मुलाकात की। यह मुलाकात बेहद खुशनुमा और सकारात्मक माहौल में हुई, जिसमें आपसी सद्भावना, भाईचारा और समाज सेवा के जज्बे का खुलकर इजहार हुआ।

इस मौके पर हाजी शाह उमैर ने चेयरमैन चुने जाने पर बाबू खान को दिल की गहराइयों से मुबारकबाद पेश की और खुशी के इजहार के तौर पर उन्हें गुलदस्ता और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। वहीं नवनिर्वाचित चेयरमैन बाबू खान ने भी जमीयत उलेमा झारखंड के महासचिव और हाजी शाह उमैर को शॉल ओढ़ाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

मुलाकात के दौरान इलाके की तरक्की, सामाजिक विकास, आपसी भाईचारे को मजबूत करने और जनता की समस्याओं के समाधान जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से बातचीत की गई।

ज्ञात हो कि बाबू खान अपनी संजीदगी, सादगी और जनसेवा के जज्बे के कारण इलाके में एक लोकप्रिय शख्सियत के रूप में जाने जाते हैं। वहीं हाजी शाह उमैर भी दीनी, मिल्ली और सामाजिक गतिविधियों में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं।

इस अवसर पर काजी-ए-शरीयत चतरा हजरत मौलाना मुफ्ती नजर तौहीद, जमीयत उलेमा चतरा के मौलाना जसीम उद्दीन, मौलाना मुर्शीद, मौलाना अम्मार, फजलुर रहमान, मुमताज अहमद, सीनियर जर्नलिस्ट आदिल रशीद, रांची के हाफिज आरिफ सहित कई गणमान्य लोग और अन्य साथी मौजूद रहे, जिन्होंने इस मुलाकात को सौहार्द और एकता का सकारात्मक संदेश देने वाला बताया।

## रमजान के आखिरी अशरा में इबादत और दुआ की अपील



**रांची:** पवित्र रमजान शरीफ के आखिरी अशरा के अवसर पर भारतीय एकता कमेटी के फाउंडर गुलाम मुस्तफा ने मुस्लिम समाज से अधिक से अधिक इबादत करने और अल्लाह से दुआ मांगने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रमजान का आखिरी अशरा जहन्नुम की आग से निजात पाने का समय माना जाता है, इसलिए इस दौरान खासकर तहज्जुद की नमाज में रो-रो कर अल्लाह से अपनी गलतियों और गुनाहों की माफी मांगनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि अल्लाह ताला से दुआ करनी चाहिए कि अब तक जीवन में जितनी भी गलतियां, गुनाह और खताएं हुई हैं, उनकी मगफिरत फरमा दें। साथ ही जो भी रिश्तेदार, खानदान वाले और तमाम मोमिन-ओ-मोमिनात इस दुनिया से जा चुके हैं, उनकी भी मगफिरत हो और उनकी कब्रों को नूर से भर दिया जाए तथा उन्हें जन्नतुल फिरदौस में आला से आला मुकाम अता किया जाए।

गुलाम मुस्तफा ने कहा कि जन्नत और जहन्नुम इंसान के अमल से तय होते हैं। केवल बोल देना काफी नहीं होता, बल्कि असली महत्व नेक अमल करने का है। उन्होंने कहा कि जिस तरह रमजान के पूरे महीने लोग अल्लाह की इबादत, रोजा और नेक काम करते हैं, उसी तरह साल भर भी अल्लाह की इबादत जारी रखनी चाहिए।

उन्होंने लोगों से अपील की कि पांचों वक्त की नमाज की पाबंदी करें, कुरान शरीफ की तिलावत करें और हर तरह की बुराइयों से दूर रहें। साथ ही हमेशा अल्लाह के सामने सजदा करते रहें ताकि इंसान का जीवन नेक रास्ते पर चलता रहे।

उन्होंने कहा कि यह जरूरी नहीं कि हर किसी को अगला रमजान नसीब हो, क्योंकि मौत का कोई ठिकाना नहीं होता। इसलिए इंसान को हमेशा नेक अमल करते रहना चाहिए। उन्होंने दुआ की कि अल्लाह ताला सभी को साल भर नेक अमल करने की तौफीक अता फरमाए।

## कृषि व अनुषंगी विभागों की समीक्षा बैठक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर



**चतरा:** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में कृषि एवं उससे जुड़े अनुषंगी विभागों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान उपायुक्त ने कृषि विभाग, पशुपालन, भूमि संरक्षण,मत्स्य, उद्यानिकी सहित अन्य संबद्ध विभागों की योजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों तक सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित करें। साथ ही किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक अपनाने के लिए जागरूक करने पर भी विशेष जोर दिया गया।उपायुक्त ने कहा कि कृषि क्षेत्र जिले की अर्थव्यवस्था की आधारशिला है, इसलिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करें। उन्होंने योजनाओं की प्रगति में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि लंबित कार्यों का शीघ्र निष्पादन करें तथा क्षेत्रीय स्तर पर नियमित निगरानी करते हुए किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।बैठक में कृषि पदाधिकारी गौतम कुमार, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के पदाधिकारी, मत्स्य पदाधिकारी,भूमि संरक्षण पदाधिकारी एवं अनुषंगी विभागों के सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# झारखंड वेदर: आज से तेज हवा और वज्रपात की आशंका, 20 जिलों में येलो अलर्ट



**संवाददाता**

**रांची:** रविवार से राज्य के 20 जिलों में तेज हवा चलने और वज्रपात का अनुमान है। कुछ जिलों में हल्की बारिश भी हो सकती है। इसे देखते हुए मौसम विज्ञान केंद्र में इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना है।

16 मार्च को रांची सहित खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, रामगढ़, बोकारो, हजारीबाग, धनबाद, गिरिडीह, कोडरमा, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहेबगंज में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा के रफ्तार से आंधी चलने और कई जगहों पर वज्रपात होने की संभावना है। कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हो सकती है। इसे देखते हुए मौसम विज्ञान केंद्र ने इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। हालांकि इस दौरान चार जिलों गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार में तापमान में बढ़ोतरी होने और लू चलने की आशंका है।

17 मार्च को राज्य के सभी जिलों में वज्रपात और तेज हवा चलने की संभावना है। 18 मार्च को भी गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार को छोड़कर अन्य जिलों में आकाश में बादल छाये रहेंगे। मेघ गर्जन के साथ तेज हवा चल सकती है। राज्य में शनिवार को सबसे अधिक तापमान पलामू जिले में दर्ज किया गया। यहां का अधिकतम तापमानप 39.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं रांची का अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### 8 साल के प्यार की हुई जीत

# प्रेमी की शादी दूसरी जगह तय होने पर थाना पहुंची प्रेमिका, ग्रामीणों की पहल पर मंदिर में हुई शादी

**संवाददाता**



**रामगढ़:** थाना क्षेत्र में एक अनोखा मामला सामने आया, जहां प्रेमी की शादी कहीं और तय होने की खबर मिलते ही प्रेमिका सीधे थाने पहुंच गई और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। कई घंटे की बातचीत और समझाइश के बाद आखिरकार युवक शादी के लिए तैयार हो गया और ग्रामीणों की पहल पर दोनों की मंदिर में शादी करा दी गई।

**मंदिर में विधि-विधान से हुई शादी :** रामगढ़ थाना क्षेत्र के बाघी गांव के धोबी टोला निवासी अमित सिंह और काचन गुरियाही टोला की अंजू कुमारी के बीच करीब आठ वर्षों से प्रेम संबंध था। इसी बीच युवक के परिवार ने उसकी शादी दूसरी जगह तय कर दी। जब इसकी जानकारी अंजू को मिली तो वह सीधे रामगढ़ थाना पहुंच गई और पुलिस से शिकायत कर न्याय की मांग की। इसके बाद पुलिस ने युवक और उसके परिजनों को थाने बुलाकर दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने की कोशिश की। शुरूआत में युवक शादी के लिए तैयार नहीं था, लेकिन पुलिस और ग्रामीणों के समझाने-बुझाने के बाद वह मान गया। इसके बाद शुक्रवार रात करीब आठ बजे ग्रामीणों की पहल पर रामगढ़ स्थित शिव मंदिर में दोनों की विधि-विधान से शादी करा दी गई।

**पूरे इलाके में अनोखी शादी की चर्चा:** बताया जा रहा है कि युवती खरवार जाति से है, जबकि युवक चेरो समुदाय से आता है। इसी कारण दोनों परिवारों के बीच शादी को लेकर सहमति नहीं बन पा रही थी। शादी के दौरान युवक की मां वहां से चली गई, जबकि युवती की मां और उसका भाई मौके पर मौजूद थे। शादी के बाद युवती अपने पति के साथ उसके घर चली गई। पूरा घटनाक्रम शुक्रवार सुबह से शुरू होकर रात करीब नौ बजे तक चलता रहा। शनिवार को रामगढ़ थाना प्रभारी ओमप्रकाश शाह ने इस मामले की पुष्टि की। इस अनोखी शादी की चर्चा अब पूरे इलाके में हो रही है।

### हस्तशिल्प विकास योजना व काष्ठ कला कौशल उन्नयन योजना के तहत प्रशिक्षण का समापन

# महिलाओं को मिला प्रमाणपत्र व टूलकिट



**चतरा:** मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड, चतरा के बैनर तले संचालित हस्तशिल्प विकास योजना एवं काष्ठ कला कौशल उन्नयन योजना के तहत प्रखंड चतरा और कान्हाचट्टी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक समापन किया गया।हस्तशिल्प विकास योजना के अंतर्गत चतरा भद्रकाली वुड प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा संचालित काष्ठ कला लघु उत्पादन इकाई से जुड़े शिल्पकारों के कौशल विकास हेतु 25 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड चतरा के पाराडीह ग्राम में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कुल 30 महिला हस्तशिल्पकारों को काष्ठ कला से संबंधित विभिन्न उत्पादों के निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया।इसी क्रम में काष्ठ कला कौशल उन्नयन योजना के तहत प्रखंड कान्हाचट्टी के चोरट ग्राम में 50 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 20 हस्तशिल्पकारों को काष्ठ कला का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत शनिवार को कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया।समापन अवसर पर पाराडीह ग्राम (प्रखंड चतरा) में प्रशिक्षण प्राप्त सभी 30 महिला हस्तशिल्पकारों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए, वहीं कान्हाचट्टी प्रखंड के चोरट ग्राम में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि जिला उद्यमी समन्वयक हेमंत केसरी ने प्रशिक्षित हस्तशिल्पकारों के बीच टूलकिट एवं प्रमाणपत्रों का वितरण किया।यह प्रशिक्षण छोटानागपुर क्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाइटी, रांची के प्रशिक्षित प्रशिक्षकों के माध्यम से प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिला हस्तशिल्पकारों ने लकड़ी से मोर, हाथी, घोड़ा, मां काली, भगवान कृष्ण, भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा, अशोक स्तंभ, नेम प्लेट, पेन स्टैंड, ट्रे सहित विभिन्न आकर्षक उत्पादों के निर्माण की तकनीक सीखी।

इस अवसर पर सरदार शिशुपाल सिंह एवं अरविंद कुमार, प्रखंड उद्यमी समन्वयक (चतरा) ने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

### विकास कुमार हत्याकांड का पुलिस ने 12 घंटे के अंदर किया उद्भेदन

# एक महिला सहित दो गिरफ्तार

**संवाददाता**



**चतरा:** जिला मुख्यालय के जवाहर नवोदय विद्यालय के समीप 13 मार्च की शाम चतरा न्यायालय से मुकदमे की तारीख से घर लौट रहे युवक विकास कुमार हत्याकांड का चतरा पुलिस ने 12 घंटे के अंदर उद्भेदन कर दिया।एसपी के निर्देश पर चतरा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन के नेतृत्व में गठित टीम ने हत्याकांड में शामिल दो लोगों को जिले के टंडवा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार लोगों में युवती के परिजन शामिल है। इस बाबत चतरा एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि पूरा मामला प्रेम प्रसंग के कारण युवती के परिजनों ने साजिश रचकर युवक की हत्या करवाई। एसपी ने बताया कि मृतक के पिता के आवेदन पर शनिवार की देर शाम प्राथमिकी दर्ज की गई। इस संबंध में सदर थाना कांड संख्या 75/2026 दिनांक 14.03.2026 एवं धारा 103(1)/61 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं 25(1बी) ए/27/35 आर्म्स एक्ट अंकित करते हुए 12 घंटे के अंदर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार लोगों में टंडवा थाना क्षेत्र के कूड़ालोगां गांव निवासी

लीला देवी (38 वर्ष) पति आदित्य साव एवं उपटापानी गांव के राजेश घांसी(36 वर्ष), पिता बीरेन्द्र घांसी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। आपको बताते चलें कि मृतक विकास कुमार, हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र के सलगा गांव का निवासी था। दो वर्ष पूर्व युवक ने प्रेम प्रसंग में एक नाबालिग युवती को भगाकर विवाह कर लिया था।इस बाबत परिजनो की शिकायत पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया था। तीन माह जेल में रहने के पश्चात युवक बाहर आया था। और घटना के दिन न्यायालय की तारीख पर उपस्थित होने चतरा आया था।



## 22 मार्च को बाइक शोभा यात्रा निकालने का बजरंगदल ने लिया निर्णय

**खलारी :** बजरंगदल 22 मार्च को बाइक शोभा यात्रा में शामिल करने के लिए रविवार को पहाड़ी मंदिर परिसर मे बैठक हई । इस बैठक की अध्यक्षता मुकेश राणा, एवं संचालन शंकर सिंह ने किया । इस अवसर पर खलारी प्रखंड क्षेत्र के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी की सहमति से शोभा बाइक यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया । मुख्य रूप से रांची जिला संयोजक -बिनोद विश्वकर्मा ,विश्व हिंदू परिषद् अध्यक्ष- सुनील प्रसाद, उपाध्यक्ष -नंद किशोर कुमार, चतरा जिला विद्यार्थी प्रमुख राजा कुमार,लक्ष्मण कुमार मंडल, मंत्री दीपक केशरी, रामलाल महतो,अजीत कुमार, सुरेंद्र राम, छोटन हिंदू ,राजकुमार बाबू, संजय प्रसाद ,संजय कुमार बैठा, बिपलव तल्पत्रा,दशरथ प्रसाद तुरी, अभिषेक कुमार सिंह, दीपक महतो, सुमित कुमार सोनी, रोशन कुमार गुप्ता,राहुल कुमार, संजय शुक्ला, संजय नायक, मिथुन कुमार सिंह, मनोज कुमार ,गुड्डू शर्मा ,राजा कुमार, नंदकिशोर कुमार, महादेव प्रसाद, नीतीश तिवारी ,पप्पू सोनी , अनीश दुबे, कृष्ण मुरारी मोदी, मुन्ना कुमार यादव, राजेंद्र प्रसाद, चुरामन कुमार महतो, अंकुर कुमार, संजय कुमार भोक्ता, अरुण सिंह ,मुनेश मुंडा व अन्य कई लोग उपस्थित थे।

# लापता नाबालिग छात्र निखिल कुमार को पुलिस ने किया बरामद,परिजनों ने ली राहत की सांस

### लापता छात्र की खोज की मांग को लेकर परिजनो ने केशरी चौक सड़क को तीन घंटे कर दिया था जाम

**संवाददाता**



**चतरा:** शहर के बिंड मुहल्ला माली टोला से लापता हुए 12 वर्षीय छात्र निखिल कुमार पिता कृष्णा मालाकार मिल गया। परिजनों ने राहत की सांस ली। निखिल के सकुशल मिलने की खबर मिलते ही परिवार और मुहल्ले के लोगों में खुशी का माहौल बन गया। सदर पुलिस के सहयोग से उसे खोज निकाला गया। पुलिस ने खोजबीन के लिए जो तत्परता दिखाई,उससे आम लोग खुश हैं। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह करीब छह बजे निखिल कुमार गंदौरी मंदिर के पास बस से कहीं जाने के लिए पहुंचा था।इस दौरान वहां मौजूद एक बस कंडक्टर ने उसे पहचान लिया और इसकी जानकारी पुलिस व परिजनों को दी।सूचना मिलते ही पुलिस व परिजन वहां पहुंचे और परिजन उसे अपने साथ घर ले गए।घर पहुंचने के बाद निखिल को देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। हालांकि वह पूरी रात कहां रहा, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। बता दें कि निखिल के लापता होने के बाद उसकी खोजबीन की मांग को लेकर परिजन व लोगों ने केशरी चौक पर सड़क जाम कर दिया था। यह जाम रात करीब 11 बजे से दो बजे तक लगभग तीन घंटे तक रहा, जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस पदाधिकारी वहां पहुंचे और जाम कर रहे लोगों से बच्चे की खोजबीन के लिए समय मांगा। इसके बाद लोगों ने जाम हटा लिया। मालूम हो कि निखिल शनिवार की सुबह पढ़ाई करने के लिए दीवानखाना स्कूल गया था, लेकिन वह घर वापस नहीं लौटा। दोपहर लगभग 12 बजे के बाद जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजन उसकी खोजबीन में जुट गए। परिजनों ने थाना में आवेदन देकर लापता निखिल की जानकारी दिया था। इसके बाद से पुलिस खोजबीन में जुट गई।रातभर लापता निखिल की खोजबीन करती रही। निखिल को मिलने के बाद परिजनों के साथ-साथ पुलिस भी राहत की सांस ली। खोजबीन में सदर थाना प्रभारी अवधेश सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक मनीष कुमार, एएसआई रवि रंजन समेत अन्य लगे हुए थे।

### उप प्रमुख महमूद खान की पहल लाई रंग

# खैवा बंदारू जलप्रपात को पर्यटन स्थल बनाने की दिशा में बढ़े कदम



**चतरा:** जिले के लावालौंग प्रखंड क्षेत्र के कटिया पंचायत स्थित प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर खैवा बंदारू जलप्रपात को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में जिला प्रशासन ने पहल तेज कर दी है।इसके लिए उप प्रमुख महमूद खान ने चतरा उपायुक्त को बुके देकर आभार व्यक्त किया है। जिला प्रशासन का यह पहल प्रखंड के उप प्रमुख महमूद खान के प्रयासों का परिणाम मानी जा रही है।उनके लगातार प्रयास और पहल के बाद प्रशासन ने इस महत्वपूर्ण स्थल को पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए गंभीरता दिखानी शुरू कर दी है।दरअसल,खैवा बंदारू जलप्रपात लंबे समय से अपनी मनमोहक प्राकृतिक छटा और शांत वातावरण के कारण स्थानीय लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा है,लेकिन यहां बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण यह स्थान अब तक व्यापक स्तर पर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित नहीं हो पाया था।इसी को देखते हुए उप प्रमुख महमूद खान ने इस दिशा में पहल करते हुए प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। इस विषय को लेकर विगत 31 दिसंबर को उप प्रमुख महमूद खान ने चतरा की उपायुक्त कृति श्री से मुलाकात कर उन्हें खैवा बंदारू जलप्रपात की तस्वीर भेंट की थी।इस दौरान उन्होंने जलप्रपात की प्राकृतिक सुंदरता, इसकी भौगोलिक विशेषताओं तथा यहां पर्यटन विकास की संभावनाओं से विस्तारपूर्वक अवगत कराया था।उनकी बातों और प्रस्तुत किए गए तथ्यों से प्रभावित होकर उपायुक्त में इस स्थल के प्रति उत्सुकता जगी। इसके बाद उपायुक्त कृति श्री ने पहल करते हुए खैवा बंदारू जलप्रपात का स्थल निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने यहां की भौगोलिक स्थिति और पर्यटकों की संभावित आवाजाही को ध्यान में रखते हुए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के विकास की जरूरत पर जोर दिया।साथ ही उन्होंने संबंधित विभागों को रेलिंग,सीढ़ियां,विश्राम स्थल, भवन निर्माण तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के निर्देश भी दिए।उप प्रमुख महमूद खान की इस सराहनीय पहल से प्रखंड क्षेत्र की जनता में खुशी का माहौल है।स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का कहना है कि यदि खैवा बंदारू जलप्रपात को योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया जाता है तो यह न केवल जिले बल्कि पूरे प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में अपनी पहचान बना सकता है। ग्रामीणों का मानना है कि यहां पर्यटन के विकास से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

ट्रैफिक पुलिस का जागरूकता अभियान

# मोटरसाइकिल रैली व नुक्कड़ नाटक कर लोगों को बताया नियम





मेट्रो रेज

**रांची :** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए रविवार को रांची ट्रैफिक पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने आम लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। लोगों से कहा गया कि बाइक चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें और कार चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएं। साथ ही ट्रिपल राइडिंग से बचने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने और तेज व लापरवाही से गाड़ी नहीं चलाने की हिदायत दी गई।

जागरूकता कार्यक्रम के तहत बिरसा चौक से अरगोड़ा चौक होते हुए फिरायालाल चौक तक मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। रैली में ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी और जवान शामिल हुए। रास्ते में लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में बताया गया और नियमों का पालन करने की अपील की गई।

अभियान के दौरान कई जगहों पर नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। कलाकारों ने नाटक के माध्यम से बताया कि ट्रैफिक नियमों की अनदेखी किस तरह गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है। लोगों को यह संदेश दिया गया कि थोड़ी सी लापरवाही किसी की जान ले सकती है, इसलिए नियमों का पालन करना जरूरी है।

इस मौके पर रांची नगर क्षेत्र के कई पुलिस उपाधीक्षक, यातायात पुलिस उपाधीक्षक, शहरी थाना प्रभारी, ट्रैफिक थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर ऐसे जागरूकता अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

असम विस चुनाव

## कांग्रेस ने झारखंड के 9 नेताओं को सौंपी जिम्मेदारी, प्रचार में जुटेंगे दिग्गज

**रांची:** आगामी असम विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी ने झारखंड के कई वरिष्ठ नेताओं को असम भेजकर चुनाव प्रचार और संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

**झारखंड के 9 वरिष्ठ नेताओं को अहम जिम्मेदारी:** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने आगामी असम विधानसभा चुनाव के लिए झारखंड के नौ वरिष्ठ नेताओं को अहम जिम्मेदारी दी है। इन नेताओं को असम में पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में चुनाव प्रचार करने और संगठनात्मक समन्वय संभालने का काम सौंपा गया है। झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू की ओर से जारी पत्र में बताया गया है कि इन नेताओं को असम के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार अभियान को मजबूत करने के लिए भेजा जाएगा। यह फैसला गौरव गोगोई के अनुरोध पर लिया गया है, जो असम प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष हैं।

**सीएम हेमंत सोरेन भी असम चुनाव को लेकर सक्रिय:** पार्टी ने जिन नेताओं को जिम्मेदारी दी है, उनमें वरिष्ठ विधायक रामेश्वर उरांव, विधायक ममता देवी, रामचंद्र सिंह, सोना राम सिंकू और नमन बिक्सल कोंगारी शामिल हैं। ये सभी नेता असम में कांग्रेस के प्रचार अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष और रांची की पूर्व मेयर रामा खलखो को भी चुनाव प्रचार के लिए असम भेजा जाएगा। बताया जा रहा है कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी असम चुनाव को लेकर सक्रिय हैं। हाल ही में असम कांग्रेस के नेताओं ने रांची में उनसे मुलाकात की थी। इस बैठक में चुनावी सहयोग और झामुमो के साथ संभावित तालमेल पर चर्चा की गई।

## नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री उपेंद्र यादव पहुंचे रांची



**रांची:** नेपाल के तीन बार उप प्रधान मंत्री रह चुके उपेंद्र यादव रांची आए हैं। उनका रांची पहुंचने पर पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने स्वागत किया। वे यहां एक शादी समारोह में शामिल होने आए हैं। पूर्व उप प्रधान मंत्री उपेंद्र यादव नेपाल के विदेश व स्वास्थ्य मंत्री का भी कार्यभार संभाल चुके हैं। उनके साथ टोटिम परिसंघ नेपाल के केन्द्रीय अध्यक्ष चंदेश्वर पासवान भी आए हुए हैं। स्वागत करने वालों में भारत नेपाल चिकित्सक मंच के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ पी के ठाकुर, अमरदीप सिन्हा सहित कई लोग शामिल थे।

हेमंत सरकार ने उच्च शिक्षा को आसान बनाने के लिए उठाया बड़ा कदम

## बोआरीजोर प्रखंड में खुलेगा डिग्री कॉलेज



संवाददाता

**रांची:** झारखंड सरकार ने बोआरीजोर प्रखंड के छात्रों के लिए उच्च शिक्षा को आसान बनाने का बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार ने बोआरीजोर में डिग्री कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है और इसके लिए 40.19 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया गया है।

इस फैसले से अब इलाके के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए शहर या जिले के बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। बोरियो विधायक धनंजय सोरेन के प्रयासों के बाद यह काम संभव हुआ है। प्रखंड में कॉलेज न होने के कारण ज्यादातर छात्र उच्च शिक्षा नहीं ले पाते थे और उन्हें जिला मुख्यालय, जो लगभग 55 किलोमीटर दूर है, जाना पड़ता था। अब डिग्री कॉलेज खुलने से आर्थिक रूप से कमजोर छात्र भी अपने गांव में पढ़ाई कर सकेंगे।

समाजसेवी और जिला समिति सदस्य दिलीप ठाकुर, अनुसील हेमब्रम, दिनेश, चांद नारायण मुर्मू और दीनबंधु मंडल ने बताया कि बोआरीजोर एक कृषि प्रधान क्षेत्र है, जहां करीब 2 लाख लोग रहते हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज बनने से प्रखंड में शैक्षणिक विकास को नई गति मिलेगी। ग्रामीण अब कॉलेज को प्रखंड के नजदीक बनाने की मांग कर रहे हैं। झारखंड सरकार की यह पहल उच्च शिक्षा को सशक्त बनाने और छात्रों को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।



## डिप्टी मेयर पद पर मुस्लिम युवा मंच समर्थित प्रत्याशी की जीत तय : शाहिद अय्यूबी

**रांची:** मुस्लिम युवा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष शाहिद अय्यूबी ने दावा किया है कि रांची नगर निगम में डिप्टी मेयर पद पर मुस्लिम युवा मंच समर्थित प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि शहर की जनता अब एक मजबूत और जिम्मेदार नेतृत्व चाहती है, जो नगर के विकास और नागरिक समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हो।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में शाहिद अय्यूबी ने कहा कि मुस्लिम युवा मंच के कार्यकर्ता लगातार शहर के विभिन्न इलाकों में जनता के बीच सक्रिय हैं और उन्हें व्यापक समर्थन मिल रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी चुनाव में मंच द्वारा समर्थित प्रत्याशी को सभी वर्गों का सहयोग प्राप्त होगा और जीत दर्ज करेगा।

उन्होंने कहा कि राँची नगर निगम में साफ-सफाई, पेयजल, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए एक सक्षम नेतृत्व की आवश्यकता है। मुस्लिम युवा मंच इसी उद्देश्य के साथ जनता के बीच अपनी बात रख रहा है। शाहिद अय्यूबी ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे एकजुट होकर संगठन को मजबूत करें और शहर के विकास तथा जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि मुस्लिम युवा मंच सभी समुदायों को साथ लेकर राँची के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## वार्ड 15 की पार्षद गजाला परवीन पर नामांकन में गलत जानकारी देने का आरोप, शिकायत दर्ज




मेट्रो रेज

**रांची:** एक बार फिर पार्षद द्वारा नामांकन पत्र में गलत जानकारी देने का मामला सामने आया है। इस बार वार्ड 15 मस्जिद गली चर्च रोड की पार्षद गजाला परवीन की शिकायत कलेक्टर से हुई है। शिकायतकर्ता वार्ड 15 कि पार्षद उम्मीदवार राशदा मंजर, कौसर परवीन, अफरोज अंसारी ने कहा है कि पार्षद गजाला परवीन के द्वारा नगर निगम चुनाव में चुनाव आयोग को गलत जानकारियाँ दिया गया। गजाला परवीन के द्वारा नगर निगम चुनाव में अपने बच्चों की जानकारी नहीं दिया गया, जबकि गजाला परवीन के तीन बच्चे हैं। एक बच्चे का जन्म वर्ष 2016 में हुआ है। नियमानुसार दो से ज्यादा बच्चे हैं तो चुनाव आयोग ने चुनाव लड़ने पर रोक लगाया है। तीसरा बच्चा वर्ष-2013 से पूर्व का होना चाहिए। लेकिन गजाला परवीन के तीसरे बच्चे का जन्म वर्ष 2016 में हुआ है जो नियमानुसार गलत है। तीसरी पुत्री केबी। एकेडमी स्कूल के वर्ग-03 में पढ़ती है। गजाला परवीन ने अपने को निःसंतान बताकर निर्वाचन आयोग को गुमराह किया है। वार्ड 15 ओबीसी श्रेणी के लिए था। गजाला परवीन ओ।बी।सी।2 की है। चुनाव प्राधिकरण के समक्ष झूठा हलफनामा प्रस्तुत करना और अपनी महत्वपूर्ण तथ्यों को छुपाकर चुनाव कानून का घोर उल्लंघन किया है जिससे यह घटना चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता को सीधे तौर पर प्रभावित करती है।इस मामले की शिकायत कलेक्टर से की गई है। गजाला परवीन की जाति प्रमाण पत्र व एकेडमिक डिग्री को लेकर भी कलेक्टर से शिकायत की गई है। आज के प्रेस कॉन्फ्रेंस में राशदा मंजर, कौसर परवीन, आफरीन खातून, अकबरी खातून, सोशन नाज, असगरी खातून, हलीमा खातून, रीना एक्का, अफरोज अंसारी, मुन्ना अंसारी, फिरोज अंसारी, मोहम्मद जलील, संदीप एक्का, नन्हे हैदर, मोहम्मद फिरोज, अंजर आलम समेत कई लोग

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।
सर्वसाधारण के लिए सूचना।



नाम–रिया सिंह, उम्र–19 वर्ष, उँचाई–5 फीट 5 ईंच, रंग–सॉवला, पहनावा–क्रिम रंग का प्रिंटेड सलवार सूट पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला रिया सिंह, उम्र–19 वर्ष, पिता–बजरंग सिंह, सा0–बढैया, थाना–चान्हो, जिला–राँची, जो दिनांक–08.03.2026 को घर से बगैर बताए कहीं चली जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में चान्हो थाना सनहा संख्या–13/2026, दिनांक–11.03.2026 दर्ज कर इनकी खाजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)**

पुलिस उपाधीक्षक, खलारी, राँची। –943170619

थाना प्रभारी, चान्हो, राँची। –9431706187

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR 375094 Police(25-26)D

## न्यूरो सर्जन डॉ अशोक मुंडा ने किया ब्रेन ट्यूमर का सफल इलाज



मेट्रो रेज

**रांची:** सदर अस्पताल के डॉक्टरों और चिकित्साकर्मियो की टीम ने बोकारो में रहनेवाली एक 44 साल की महिला की ब्रेन ट्यूमर की सफल सर्जरी की। मरीज अब पूरी तरह से स्वस्थ है। न्यूरो सर्जन डॉ अशोक मुंडा ने मरीज की सर्जरी की। मरीज मे यह ट्यूमर ब्रेन के बांयी कनपटी वाले हिस्स मे था, जहां सर्जरी जटिल समझी जाती है। सर्जरी टीम में एनेस्थेटिस्ट डॉ नीरज, डॉ वसुधा, डॉ कौशल, ओटी असिस्टेंट सिस्टर नेली, मुकेश, अमित ने भी भूमिका निभाई। वहीं निचले क्रम के कर्मचारियो ने भी सहयोग किया। सिविल सर्जन के साथ अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रभात कुमार, उपाधीक्षक बिमलेश सिंह, डॉ एके झा, ने पूरी टीम को बधाई दी।

डीजे-अजान विवाद पर आदिवासी नेत्री एंजेल लकड़ा का पलटवार, कहा

## हमारी संस्कृति में डीजे नहीं, ढोल- नगाड़ा व मांदर की परंपरा

मेट्रो रेज

**रांची:** रामनवमी में डीजे बजाने को लेकर आदिवासी नेत्री निशा भगत द्वारा दिए गए बयान पर आदिवासी नेत्री एंजेल लकड़ा ने कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग राजनीतिक लाभ के लिए अनावश्यक बयानबाजी कर समाज में विवाद पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं, जो आपसी भाईचारे और सद्भावना के लिए ठीक नहीं है।जारी बयान में एंजेल लकड़ा ने कहा कि वह स्वयं आदिवासी समाज से आती हैं और आदिवासी संस्कृति में पर्व-त्योहार के अवसर पर डीजे नहीं बल्कि पारंपरिक डोल नगाड़ा और मांदर बजाने की परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि तेज ध्वनि



वाला डीजे ध्वनि प्रदूषण का कारण बनता है और यह सभी समुदायों के लिए हानिकारक है। यही वजह है कि अदालत ने भी इस पर नियंत्रण और रोक लगाने का निर्देश दिया है।उन्होंने कहा कि सभी धर्म और उनकी परंपराएं सम्मान के योग्य हैं। मस्जिदों से होने वाली अजान सदियों से चली आ रही धार्मिक परंपरा है। इसी तरह अलग-अलग धर्मस्थलों से भी अपनी-अपनी परंपरा के अनुसार धार्मिक ध्वनियां सुनाई देती हैं। ऐसे विषयों पर अनावश्यक विवाद खड़ा करना उचित नहीं है।एंजेल लकड़ा ने कहा कि हर समुदाय को अपने धर्म और संस्कृति का सम्मान करने का अधिकार है। लेकिन कुछ लोग अपनी सियासी जमीन मजबूत करने के लिए अनाप-शनाप बयान देकर समाज में भ्रम और तनाव पैदा करने की कोशिश करते हैं। इससे समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे को नुकसान पहुंचता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी समुदाय मिल-जुलकर शांति और सौहार्द के साथ पर्व-त्योहार मनाएं और सामाजिक एकता को मजबूत करें।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल गुमला।

पत्रांकः– दिनांकः–

नोटिस प्रेस विज्ञप्ति
(आवश्यक सूचना)

एतद् द्वारा संवेदक श्री साई कन्स्ट्रक्शन, रोड़ न0– 6, रातु रोड़, राँची को सूचित करते हुए कहना है कि PMGSY-III(Bridge), Package No-JH-P3-2022-23-GUM-LSB-02 अंतर्गत पुल (1) Construction of HL RCC Bridge over local River at ch-2.780Km on T03 (Bhelwatoli) to Langramore), (2) Construction of HL Bridge over KOTROJHARIA RIVER At Ch-5.70Km on T03-Jairagi to Karondha Road, (3) Bridge at Local Nala At Ch 5.340Km on T06-T01(Gamharia) to T03 (Tongo) Road के संपादन हेतु आपका एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि दिनांक 12.06.2023 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 11.12.2024 थी। आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने की दिशा में पूरी तरह से शिथिलता बरती गई। अनेकों बार दिये गये निदेशों के बावजुद भी आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने की दिशा में कोई रूचि नहीं लिया जा रहा है। कार्य पिछले कई महिनों से बन्द है, एवं आज तक अपूर्ण है जो अत्यन्त खेदजनक है। अधोहस्ताक्षरी पत्रांक–834, दिनांक– 10.04.2024, पत्रांक 75 दिनांक 10.01.2025, पत्रांक– 665, दिनांक 08.05.2025, पत्रांक– 1445, दिनांक 08.09.2025, पत्रांक– 1631, दिनांक 01.11.2025, पत्रांक– 49, दिनांक 19.01.2026 एवं सहायक अभियंता का पत्रांक– 7, दिनांक 23.04.2025, पत्रांक– 11, दिनांक 04.11.2025, पत्रांक– 15, दिनांक 11.12.2025 द्वारा भी आपको यथाशीघ्र कार्य पूर्ण करने हेतु बार बार निदेश दिया गया है परन्तु आपके द्वारा कार्य पूर्ण नही किया गया है। वस्तुस्थिति यह है कि आपके द्वारा वर्तमान में कार्यस्थल पर कार्य प्रारंभ भी नही किया गया है जो आपके कार्य के प्रति उदासीनता को दर्शाता है।

अतः आपको इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से निदेश दिया जाता है कि प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशित होने के एक सप्ताह के अंदर कार्य प्रारंभ कर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करे अन्यथा आपके एकरारनामा का विखंडन करते हुए जमानत की राशि जब्त कर ली जाएगी तथा आपके निबंधन को काली सूची में डालने हेतु उच्चाधिकारियों को अनुशंसा कर दी जाएगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल,गुमला।

PR 375086 Rural Work Department(25-26)D



# फ्रांस में नौकरी मिलना न तो नामुमकिन है और न ही आसान

**पेरिस दुनिया की चार फैशन राजधानियों में से एक हैं ये वो जगह है जहां दुनिया के सबसे महंगे ब्रैंड जैसे  ने जन्म लिया है। जब मैं भारत से यहां पढ़ाई के लिए पहुंचा तो मैं काफी नर्वस था। अब जब मैं पीछे देखता हूं तो अपने आप को काफी रिलैक्स महसूस करता हूं क्योंकि मेरा फैसला एकदम सही था।**

दिल्ली के अनुविंद ने फ्रांस की एक फैशन कंपनी में नौकरी प्राप्त करके अपने सपनो को साकार किया है। उनके मुताबिक टाइम मैनेजमेंट न केवल आपको छोटे समय में फायदा पहुंचाता है बल्कि आपको इसे अपनी आदत बना लेनी चाहिए। फ्रांस में आकर मैने जाना कि इंसान को उसी चीज से पहचाना जाता है जो उसने सीखी होती है। पेरिस दुनिया की चार फैशन राजधानियों में से एक हैं ये वो जगह है जहां दुनिया के सबसे महंगे ब्रैंड ने जन्म लिया है। जब मैं भारत से यहां पढ़ाई के लिए पहुंचा तो मैं काफी नर्वस था। अब जब मैं पीछे देखता हूं तो अपने आप को काफी रिलैक्स महसूस करता हूं क्योंकि मेरा फैसला एकदम सही था।

## बिजनेस स्कूल को चुनना

मुझे मार्केटिंग का जुनून था क्योंकि इसमें लोगों से मिलना, इनोवेशन और क्रिएटिविटी शामिल थी। ग्रेजुएशन के दौरान मार्केटिंग मेरा फेवरेट था। संभावित ग्राहक की इच्छा और जरुरतों को समझना, सुपरमार्केट में किसी प्रोडक्ट की प्लेसमेंट और मार्केटिंग रणनीति चलाने के लिए डेटा को समझना आदि मुझे हर चीज में स्पेशलाइज करना था। इन सबके ऊपर पिछले कुछ सालों में मुझे फैशन और लग्जरी इंडस्ट्री से लगाव हो गया है। भारत, चीन, तुर्की, रूस और मैक्सिकों में उभरती मार्केट्स के साथ यह वो इंडस्ट्री है जो मंदी के दौरान भी अच्छी गति से बढ़ रही थी। मुझे मार्केटिंग में ऐसी डिग्री प्राप्त करनी थी जिसका फोकस फैशन पर हो। गूगल पर सर्च करने क दौरान मुझे पता कि ऐसे केवल कुछ ही संस्थान हैं और इसमें से कुछ बेस्ट बिजनेस स्कूल फ्रांस में हैं। इसके बाद मैने बिना देर किए जीमैट की तैयारी की और अपने ऐडमिशन के लिए मेहनत करने लगा। अचानक एक दिन सुबह मुझे संस्थान से ईमेल मिला कि मेरा चयन हो गया है।

## जिंदगी बदलने वाला अनुभव

शुरुआती हफ्ते में मुझे कापी अजीब और उत्साहवर्धक लगा। अजीब इसलिए लगा क्योंकि यह मेरे लिए एकदम नई शुरुआत थी 30 से ज्यादा देशों के छात्र मेरी क्लास में थे। उत्साहवर्धक इसलिए लगा क्योंकि यहा सीखने के लिए काफी कुछ था।

## करियर और उसके बाद

मैं हमेशा से ही फैशन और लग्जरी इंडस्ट्री में काम करना चाहता था और इस स्ट्रीम में मैने श्वष्ठ।।श्वष्ट से स्पेशलाइजेशन किया था। फ्रांस में नौकरी मिलना ना तो नामुमकिन है और न ही आसान। मुझे काफी फायदा हुआ। फ्रांस के टॉप संस्थान से ग्रेजुएशन करना अपने आप में गर्व की बात थी। पढ़ाई के दौरान मुझे कई जगह इंटर्नशिप करने का मौका मिला। मैने इंटर्नशिप की जो एक बड़ी फैशन और कॉस्मैटिक कंपनी है। फ्रांस ने केवल पेशवर तरीके से मेरी मदद की बल्कि मुझे किराए पर कमरा दिलाने और पेपरवर्क में आसानी के लिए फ्रेंच भी सिखाई। मैं पेरिस में रहने से अपने आप को भाग्यशाली मानता हूं। यह दुनिया की फैशन कैपिटल है।



# साइंस और गणित के छात्रों की तरह ह्यूमैनिटीज में भी हैं कई करियर विकल्प

**ह्यूमैनिटीज के छात्रों के पास बहुत सारे करियर ऑप्शन हैं। अगर आप भी ह्यूमेनिटीज के छात्र हैं और अपने लिए एक अच्छा करियर ऑप्शन ढूंढ रहे हैं तो यह आर्टिकल आपकी मदद करेगा। इस आर्टिकल में हमने कई सारे टॉप करियर ऑप्शन के बारे में बताया है।**

ह्यूमेनिटीज क्षेत्र के छात्रों के पास भी साइंस और गणित के छात्रों की तरह कई करियर विकल्प होते हैं, जिनमें उन्हें अपनी रुचि और प्रतिभा के अनुसार चुनने का विकल्प होता है। ये छात्र शिक्षा, जर्नलिज्म आदि में अपना करियर बना सकते हैं। इन क्षेत्रों में काम करने के लिए उन्हें उनकी सामाजिक समझ, कम्युनिकेशन स्किल, और क्रिएटरनेस का उपयोग करना पड़ता है। आइए जानते हैं इन जॉब्स के बारे में।

## जर्नलिज्म

जर्नलिज्म को देश का चौथा पिलर माना जाता है। डिजिटलीकरण के बाद से इसमें पिछले कुछ वर्षों में तेजी से वृद्धि देखने को मिली है, जिससे इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी बढ़ गए हैं। अगर आपकी जर्नलिज्म में रूचि है तो आप इस क्षेत्र में जरुर जाएं। आप न्यूज़ रिपोर्टर, फीचर राइटर, एडिटर, मल्टीमीडिया जर्नलिस्ट, संवाददाता या न्यूज एंकर बनकर अपने करियर में आगे बढ़ सकते हैं।

## लॉ

लॉ बहुत ही प्रेस्टीजियस फ़ील्ड में से एक है। आप एलएलबी करने के बाद विभिन्न फर्म, कंपनियों और गवर्नमेंट ऑर्गनाइजेशन में लीगल कंसल्टेंट बन सकते हैं। अपनी स्पेशलाइजेशन के साथ आप लीगल एडवाइजर के रूप में काम कर सकते हैं और क्लाइंट को विभिन्न समस्याओं पर सलाह दे सकते हैं। आप वकील के रूप में कोर्ट में भी वकालत कर सकते हैं। इसके अतरिक्त सरकारी परीक्षा की तयारी करके जज बनना भी एक बहुत अच्छा विकल्प है ।

## टीचिंग

टीचिंग की जॉब एक बहुत ही अच्छी जॉब होने के साथ-साथ बहुत सम्माननीय जॉब भी होती है। यह एक चुनौतीपूर्ण करियर भी है, जिसमें आपको एजुकेशन के क्षेत्र में अपना जीवन समर्पित करना पड़ता है। भारत में योग्य शिक्षकों की मांग सभी स्तरों पर बहुत ज़्यादा है। अगर आपकी रुचि भी शिक्षा और उससे संबंधित क्षेत्र में है तो आप एक टीचर बनकर बच्चे जो देश का भविष्य होते हैं उन्हें सही मार्ग दिखाकर देश की प्रगति में सहयोग कर सकते हैं।

## ह्यूमन रिसोर्स

ह्यूमन रिसोर्स एक बहुत ही अच्छा करियर विकल्प हो सकता है, खासकर उन लोगों के लिए जो लोगों के साथ काम करने में रुचि रखते हैं और संगठन की स्ट्रेंथ को बढ़ाने के लिए योगदान देना चाहते हैं। इसमें आप लोगों के मैनेजमेंट, विकास, और कार्यसंगठन से संबंधित काम करते हैं।

## मास कम्युनिकेशन

मास कम्युनिकेशन विभिन्न माध्यमों के माध्यम से संचार की प्रक्रिया को समझने और समाचार, सूचना, और विचारों को साझा करने में मदद करता है। आप रेडियो जॉकी, विज्ञापन और ब्रांडिंग स्पेशलिस्ट, सोशल मीडिया मैनेजर, फिल्म और टेलीविजन निर्माता या डायरेक्टर बनकर इस फील्ड में काम कर सकते हैं।

## एडवरटाइजिंग

अपने किसी भी नए प्रोडक्ट को मार्केट में लाना हो या पुराने के बारे में भी कोई जानकारी देनी हो तो एडवरटाइजिंग सबसे बेस्ट तरीका होता है। इसीलिए इस फील्ड में बहुत स्कोप है। इसमें आपके प्रभावी ढंग से लिखने और बोलने की क्षमता जैसे गुणों की आवश्यकता होती है। आप एडवरटाइजिंग मैनेजर बनकर अभियानों के लिए योजनाओं का फ्रेमवर्क तैयार करने का काम करते हैं।

## राइटिंग और एडिटिंग

राइटिंग कोई नया फील्ड नहीं है जिसके बारे में बहुत ज्यादा जानकारी देने की जरूरत है लेकिन यह फील्ड इतना बड़ा है कि इसमें ना तो कभी जॉब्स की कमी होती है और ना ही कभी इंसान बोर हो सकता है अगर आपको लिखने में रूचि है तो आप कॉपीराइटर और कंटेंट व्राइटर बनकर कंपनियों, विज्ञापन एजेंसियों, वेबसाइटों, ब्लॉगों, या ई-कॉमर्स साइटों के लिए कंटेंट लिख सकते हैं। आप प्रेस एजेंट और पब्लिक रिलेशन्स व्राइटर के रूप में भी काम कर सकते हैं। आप प्रोफेशनल लेखक बनकर किताब, आर्टिकल और मैगजीन लिखने का काम कर सकते हैं। पब्लिक रिलेशन और कम्युनिकेशन - ह्यूमैनिटीज के छात्रों के पास अक्सर अच्छी कम्युनिकेशन स्किल होती हैं। जिससे उनके लिए पब्लिक रिलेशन, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन या मार्केटिंग में करियर बनाना आसान हो जाता है। आप विज्ञापन एजेंसियों, पब्लिक रिलेशन फर्मों या कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन विभागों जैसे क्षेत्रों में काम कर सकते हैं।





# एमसीए करने के 5 बड़े फायदे

मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस (एमसीए) दो साल का स्नातकोत्तर कार्यक्रम है। यह डिग्री आपको कंप्यूटर एप्लिकेशन डेवलपमेंट और कई तरह की प्रोग्रामिंग भाषाओं की गहन समझ हासिल करने में मदद करती है। साथ ही साथ सैद्धांतिक और प्रैक्टिकल स्किल भी प्रदान करती है। ऐसे में मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस (एमसीए) करना एक शानदार फैसला साबित हो सकता है।

## एडवांस्ड नॉलेज

एमसीए कार्यक्रम में स्पेशल कंप्यूटर साइंस, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और सूचना प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम शामिल हैं। आप डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेशन प्लेटफॉर्म से लेकर नेटवर्क सिक्योरिटी और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट तक नवीनतम तकनीकों में गहन ज्ञान और व्यावहारिक विशेषज्ञता हासिल करेंगे। यह विशेष ज्ञान न सिर्फ आपकी तकनीकी क्षमताओं को निखारता है बल्कि आपको कठिन रोजगार बाजार में एक मूल्यवान उम्मीदवार बनाता है।

## करियर ग्रोथ

आज के डिजिटल युग में कंपनियों में योग्य आईटी कर्मचारियों की मांग तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में एमसीए की डिग्री आपको आकर्षक नौकरी के अवसरों का लाभ उठाने और तेजी से कैरियर में ग्रोथ करने में सक्षम बनाती है। चाहे आपका सपना प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, कंप्यूटर विश्लेषक या फिर प्रोग्राम आर्किटेक्ट या आईटी सलाहकार ही बनना हो। इन सबके अलावा एमसीए आपको करियर के कई अन्य मौके भी देता है।

## विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त डिग्री

एमसीए की डिग्री को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है, जो छात्रों को देश और विदेश दोनों जगहों पर नौकरी के अवसर तलाशने की स्वतंत्रता प्रदान करती है। चाहे आपके कैरियर के लक्ष्य सरकारी संगठनों, तकनीक-आधारित स्टार्टअप्स ही क्यों न हों।

## इंडस्ट्री के अनुसार

एमसीए को इंडस्ट्री को ध्यान में रखकर बनाया गया है। तेजी से बदलते तकनीकी परिदृश्य के साथ तालमेल रखने के लिए छात्रों को आधुनिक तकनीकों जैसे सूचना सुरक्षा, ऑनलाइन कंप्यूटिंग, मशीन के एल्गोरिदम और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के बारे में जानने का मौका मिलता है। आज के प्रतिस्पर्धी रोजगार बाजार में एमसीए की डिग्री रखने से काफी फायदा होता है क्योंकि कंपनियां आधुनिक कौशल और दक्षता को बहुत महत्व देती हैं।

## नेटवर्किंग के अवसर

एमसीए करने से आपको शिक्षकों, अन्य छात्रों और उद्योग विशेषज्ञों के साथ संबंध बनाने के कई मौके मिलते हैं। बिजनेस वर्कशॉप, इंटर्नशिप, गेस्ट लेक्चर्स, पूर्व छात्र सम्मेलन या अन्य माध्यमों से छात्रों को ऐसे लोगों से जुड़ने का अवसर मिलता है जो उन्हें महत्वपूर्ण सलाह, करियर संबंधी सुझाव और मार्गदर्शन दे सकते हैं। एक मजबूत प्रोफेशनल नेटवर्क विकसित करना न केवल आपको अच्छी नौकरी पाने की संभावनाओं को बढ़ाता है बल्कि कंप्यूटर साइंस के क्षेत्र में दिलचस्प करियर के द्वार भी खोलता है।

# साउंड इंजीनियरिंग के टॉप करियर ऑप्शन

**साउंड इंजीनियरिंग एक ऐसी स्ट्रीम है जिसमें आर्ट और साइंस एक साथ आते हैं। इसके अंतर्गत विभिन्न मीडिया जैसे कि वीडियो गेम, संगीत, फिल्में, टेलीविजन और रेडियो में उपयोग करने के लिए ऑडियो को बनाना, मिक्स करना, रिकॉर्डिंग और एडिटिंग का मुश्किल प्रोसेस शामिल है।**



किसी विशेष कार्य के लिए बेस्ट ऑडियो गुणवत्ता की गारंटी देना ही साउंड इंजीनियरिंग है। इसके डायवर्स क्षेत्र को तकनीकी विशेषज्ञता और आर्टिस्टिक सेंसटिविटी दोनों में स्ट्रोंग बेस की आवश्यकता है। इस क्षेत्र के पेशेवरों को साउंड फिजिक्स में काबिल होना चाहिए, विभिन्न प्रकार के ऑडियो उपकरणों में निपुण होना चाहिए और ऑडियो क्रिएशन की आर्ट में कुशल होना चाहिए। एक साउंड मिक्सिंग इंजीनियर वह व्यक्ति होता है जो ऑडियो की आर्ट और साइंस को जानता है। यह व्यक्ति ऑडियो एलेमेंट्स को मिक्स और बैलेंस करता है। इस आर्टिकल में साउंड इंजीनियरिंग की दुनिया, योग्यताओं, करियर विकल्पों के बारे में बताया गया है।

## म्यूजिक प्रोडक्शन

संगीत रिकॉर्ड करने और बनाने के लिए, रिकॉर्डिंग स्टूडियो में साउंड इंजीनियर संगीतकारों के साथ काम करते हैं। वे सावधानीपूर्वक अलग-अलग लेवेल्स को मिक्स करते हैं और ट्रैक बनाते हैं, जिससे संगीत रचनाओं की साउंड टेपेस्ट्री बनती है।

## लाइव साउंड

इस डोमेन के विशेषज्ञ एथलेटिक इवेंट, थिएटर शो और संगीत कार्यक्रम जैसे लाइव इवेंट के दौरान ऑडियो को सँभालते हैं। इसका काम यह सुनिश्चित करना होता है कि दर्शकों को एररलेस ऑडियो अनुभव मिले।

## फिल्म और टेलीविजन

विजुअल मीडिया के दायरे में, साउंड इंजीनियर फिल्मों, टीवी सीरीज और विज्ञापनों के लिए ऑडियो रिकॉर्ड करने और एडिट करने की जिम्मेदारी निभाते हैं। उनकी विशेषज्ञता डायलॉग और साउंड इफैक्ट्स में जान डाल देती है।

## गेमिंग इंडस्ट्री

साउंड इंजीनियर डीप और कंपलेक्स साउंड लैंडस्केप को और प्रभावी बनाकर गेमिंग डोमेन में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, जिससे आपको रियल गेमिंग अनुभव मिलता है।

## रेडियो और प्रसारण

रेडियो स्टेशन और प्रसारण स्टूडियो, ऑडियो की हाईएस्ट क्वालिटी बनाए रखने के लिए साउंड इंजीनियरों पर बड़े पैमाने पर निर्भर करते हैं। ये प्रोफेशनल सुनिश्चित करते हैं कि रेडियो प्रसारण और अन्य ऑडियो सामग्री लगातार कड़े मानकों को पूरा करें।

## पोस्ट-प्रोडक्शन

पोस्ट-प्रोडक्शन में विशेषज्ञता रखने वाले साउंड इंजीनियर इनिशियल रिकॉर्डिंग फेज के बाद परियोजनाओं पर काम शुरू करते हैं, विशिष्ट परियोजना आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सावधानीपूर्वक ऑडियो रीसर्च और एडिटिंग करते हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
प्रधान संपादक : जीतेन्द्र कुमार सिंह, संपादक : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 website : www.metrorays.in
email : metrorays.ranchi@gmail.com

साहिबगंज व राजमहल न्यायमंडल में आयोजित हुई वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत

# 9411 मामलों का हुआ निपटारा, पांच करोड़ से ज्यादा की समझौता राशि हुई प्राप्त

- राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी समझौते से मामलों का त्वरित निष्पादन

**संवाददाता**



**साहिबगंज :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज तथा अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति, राजमहल द्वारा अ शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में इस वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा राज्य के सभी जिलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का ऑनलाइन उद्घाटन किया गया। उद्घाटन माननीय न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद न्यायाधीश, झारखण्ड उच्च न्यायालय-सह-कार्यकारी अध्यक्ष झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची, माननीय न्यायमूर्ति प्रदीप श्रीवास्तव न्यायाधीश झारखण्ड उच्च न्यायालय रांची ने संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण साहिबगंज व राजमहल के व्यवहार न्यायालय स्थित लोक अदालत कक्ष में स्क्रीन के माध्यम से उपस्थित लोगों ने देखा।उद्घाटन के उपरांत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार ने गठित बेंचों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत न्याय को आमजन तक सुलभ सरल और त्वरित रूप से पहुँचाने की एक महत्वपूर्ण पहल है। लोक अदालत हमारे न्याय तंत्र की वह व्यवस्था है जहाँ वर्षों से लंबित मामलों का निपटारा आपसी सहमति, समझौते और सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया जाता है। जिससे आमजनों को शीघ्र न्याय प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि न्याय तभी सार्थक होता है जब वह समय पर मिले। लोक अदालत के माध्यम से मामलों का त्वरित निष्पादन संभव हो पाता है जिससे लोगों का समय, धन और ऊर्जा की बचत होती है। लोक अदालत में होने वाला समझौता दोनों पक्षों की सहमति से होता है, इसलिए इसका निर्णय दोनों पक्षों के लिए लाभकारी होता है। आपसी संबंधों में भी मधुरता बनी रहती है। उन्होंने आगे कहा कि लोक अदालत में पारित निर्णय अंतिम होता है। इसके विरुद्ध अपील का प्रावधान नहीं होता। उन्होंने आमजन व पक्षकारों से अपील की कि वे इस प्रकार के आयोजनों का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ तथा आपसी समझौते के माध्यम से अपने मामलों का निष्पादन कराएँ। उन्होंने विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों से भी अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन में सहयोग करने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय संजय कुमार उपाध्याय, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम शेखर कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सिंधु नाथ लामाये, अतरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अभिषेक प्रसाद सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार विश्वनाथ भगत सिविल जज-सह-न्यायिक दंडाधिकारी आलोक मरांडी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुमित कुमार वर्मा रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी राहुल कुमार, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेम नाथ तिवारी लोक अभियोजक एवं उनके अधीनस्थ, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल अरविन्द गोयल एवं उनकी टीम, अधिवक्तागण विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, बैंक कर्मी, पारा विधिक स्वयंसेवक व अन्य विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी सहित वादकारीगण उपस्थित थे। राष्ट्रीय लोक अदालत में साहेबगंज न्यायमंडल तथा राजमहल अनुमंडलीय न्यायमंडल में कुल 9411मामलों का निपटारा किया गया, जिसमें रु. 5,37,83,074 की समझौता राशि प्राप्त हुई।

न्यूज IN ब्रीफ

**जागरूकता कार्यशाला का आयोजन**

## लोगों को दिलाई गई जल संरक्षण व स्वच्छता की शपथ



**साहिबगंजः** सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 24 चान्न में पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल के निर्देश पर जल अर्पण दिवस अवसर पर शनिवार की दोपहर 1:00 जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षित पेयजल स्वच्छता व्यवस्था एवं जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना था। वहीं पदाधिकारी ने कहा कि जल का आधार है और इसका संरक्षण के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना आवश्यक है ।जबकि जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखना जल की बबार्दी रोकने वह वर्षा का जल संरक्षण को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही लोगों को स्वच्छ किए जल का उपयोग स्वच्छता को बनाए रखना और पर्यावरण संरक्षित के प्रति जागरूक किया गया। स्वच्छता से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी भी दी गई। इस कार्यक्रम में पदाधिकारी ने लोगों को कहा कि स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में प्लंबरों की भूमिका महत्वपूर्ण होता है। जबकि स्थानीय लोगों को जल संरक्षित व स्वच्छता को बढ़ावा देने का संकल्प भी दिलाया गया। इस अवसर पर वार्ड परिषद दुलारी देवी, गोपाल मंडल, चंदन देवी, मिथुन, रविदास, धीरज शाह, मुन्ना साह सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## अज्ञात मोटरसाइकिल के धक्के से युवक घायल

**साहिबगंजः** इन दोनों नगर थाना क्षेत्र में रात्रि 9 और 10 के बीच मोटरसाइकिल रेस का मामला गाराहता जा रहा है ।वही बीती रात्रि लगभग 10 बजे गणेश मंदिर के समीप तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल चालक चलते हुए सड़क पर चल रहे एक युवक को ठोक दिया जिससे युवाक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं स्थानीय लोगों के द्वारा मोटरसाइकिल चालक का पीछा भी किया लेकिन वह फरार हो गया ।वही पगडू पासवान के द्वारा आनन- फानन में घायल युवक को इलाज हेतु जिला सदर अस्पताल में भर्ती कराया। मिली जानकारी के अनुसार घायल युवाक जिरवाबाडी थाना क्षेत्र हटिया निवासी अभिषेक कुमार उम्र 20 वर्ष पिता दिनेश पांडे बताया गया। हालांकि चिकित्सकों के द्वारा घायल युवक का इलाज करते हुए कहा कि घायल युवक का पैर मैं गंभीर को चोट लगी है। जिसे प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल में ही एडमिट कर लिया गया है। वहीं दूसरी और स्थानीय लोगों ने बताया कि इन दोनों चार चक्का हो या दो चक्का रात्रि के समय बहुत ही तेज रफ्तार से गाड़ी को चलते हैं जिससे आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।अगर इस ओर जिला प्रशासन के द्वारा ध्यान नहीं दिया गया तो बहुत बड़ा घटना भी घट सकती है ।ऐसे चालकों को कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की जरूरत है। अभी छोटा-मोटा घटना हो रहा है इस पर लगाम लगाना जरूरी है।

## खड़ी ट्रेन के बंद कोच में नाबालिग से दुष्कर्म

साहिबगंजः तालझारी थाना क्षेत्र के महाराजपुर रेलवे स्टेशन के साइडिंग में खड़ी एक एक्सप्रेस ट्रेन के बंद कोच में थाना क्षेत्र के महाराजपुर नया टोला निवासी युवक प्रमेश कुमार महतो पिता सुखदेव महतो उर्फ भोटला महतो ने शनिवार के अहले सुबह करीब साढ़े 4 बजे वही की रहने वाली एक नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर उसके साथ ट्रेन के कोच में दुष्कर्म करने के बाद मौके पर से पेशाब करने के बहाने फरार हो गया। जहां मामले की जानकारी परिजनों को मिलने के बाद नाबालिग किशोरी को साथ लेकर तालझारी थाना पहुंचे जहां पीड़िता नाबालिग किशोरी का प्राथमिक उपचार सीएचसी तालझारी में कराकर उसे रेल थाना साहिबगंज भेज दिया गया। वही मामले को लेकर नाबालिग किशोरी की बड़ी बहन ने बताया कि उसकी छोटी बहन रोजाना की तरह अपने जीजा के चाय दुकान पर झाड़ू लगाने के लिए अहले सुबह 3 बजे आई हुई थी जहां मौका पाकर आरोपी युवक ने उसे शादी का झांसा देकर रेलवे साइडिंग में खड़ी बंद ट्रेन के कोच के अंदर ले जाकर दुष्कर्म करते हुए लहूलुहान कर दिया और मौके पर से फरार हो गया। उधर रेल थाना साहिबगंज की पुलिस परिजनों के द्वारा दिए गए आवेदन पत्र कार्यवाही करते हुए नाबालिग किशोरी को मेडिकल जांच करवाने के लिए सदर अस्पताल भेज दिया एवं आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज करने में जुट गई है।

## डीएवी विद्यालय पाकुड़ के छात्र-छात्राओं ने किया साइंस सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण



**साहिबगंजः** वैज्ञानिक सोच एवं नवाचार के प्रति विद्यार्थियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से आज डीएवी विद्यालय, पाकुड़ के लगभग 70-80 छात्र-छात्राओं का एक शैक्षणिक दल स्थानीय साइंस सेंटर, साहिबगंज का शैक्षणिक भ्रमण करने पहुँचा। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विज्ञान से संबंधित विभिन्न आधुनिक उपकरणों, मॉडल व तकनीकों को नजदीक से देखा उनके कार्य-विधि को प्रायोगिक रूप से समझा।भ्रमण के दौरान साइंस सेंटर के विशेषज्ञों और कर्मियों द्वारा छात्र-छात्राओं को विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों प्रयोगों व नवीन तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को भौतिकी रसायन जीव विज्ञान से जुड़े अनेक इंटरएक्टिव मॉडल के माध्यम से प्रयोगात्मक ढंग से समझाया गया। जिससे उन्हें विज्ञान के जटिल सिद्धांतों को सरल व रोचक तरीके से समझने का अवसर मिला। साइंस सेंटर के भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने अत्याधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों विज्ञान से जुड़े नवाचारों दैनिक जीवन में विज्ञान के उपयोग के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा, अनुसंधान की भावना तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि होती है। उन्हें पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ प्रयोगात्मक एवं व्यावहारिक जानकारी भी प्राप्त होती है। विद्यार्थियों ने भी इस शैक्षणिक भ्रमण को अत्यंत रोचक एवं ज्ञानवर्धक बताया की साइंस सेंटर, साहिबगंज के अधिकारियों ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में जागरूक एवं प्रेरित किया जाता रहेगा।

वार्ड पार्षद का स्वागत सह सम्मान समारोह

## नगर पंचायत सभागार में नई टीम ने संभाली कमान, नगर के विकास का लिया संकल्प

**एजेंसी**



**साहिबगंज/बरहरवाः** नगर पंचायत कार्यालय सभागार में कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार की अध्यक्षता में विकास की एक एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है।सभी नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष अर्पिता दास,नवनिर्वाचित नगर उपाध्यक्ष राजकुमार भगत एवं वार्ड पार्षद का स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।अध्यक्ष अर्पिता दास, उपाध्यक्ष राजकुमार भगत एवं सभी नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों ने विधिवत अपना पदभार ग्रहण किया।?इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में नगर के चहुंमुखी विकास, स्वच्छता और जन-समस्याओं के त्वरित समाधान का संकल्प लिया।अब नगर पंचायत की विकास योजनाओं को नई गति सुनिश्चित करने के लिए उपस्थित पदाधिकारीयों से चर्चा की है।इस मौके पर नवनिर्वाचित नवर अध्यक्ष समर्थक श्यामल दास ने कहा की बरहरवा नगर पंचायत में बीते दिनों हुए सभी बिकास कार्यों और खामियों की समीक्षा की जाएगी एवं वर्तमान में हो रहे विभिन्न प्रकार की समस्याओं जैसे जाम की समस्याएं,कूड़ा-कचरा,नगर के गंदे पानी की निकासी हेतु नाले की व्यवस्थाओं,पाइपलाइन इत्यादि को लेकर जाँच की जाएगी और जल्द से जल्द व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाएगा।साथ सभी जनप्रतिनिधयों के साथ बैठक कर नई विकासशील योजनाओं के लिए नए मापदण्ड तैयार कर बिकास की नई दिशा तय की जाएगी।

जिला शिक्षा अधीक्षक ने एसए-2 परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण,कहा-

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और पोषण पर भी विशेष ध्यान देना जरूरी

**संवाददाता**



साहिबगंजः जिले में आयोजित कक्षा 1 से 7 तक की एस ए-2 समेकित मूल्यांकन-2 परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष ने शनिवार को विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक ने बेसिक स्कूल अदरो,यूएचएस पुलिस लाइन साहिबगंज तथा यूएमएस छोटा पांगरो,बोरियो सहित कई विद्यालयों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों में जाकर विद्यार्थियों से बातचीत की तथा परीक्षा संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। सभी विद्यालयों में परीक्षा शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं निष्पक्ष वातावरण में संचालित होती पाई गई।उन्होंने शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया कि परीक्षा संचालन में पारदर्शिता,अनुशासन और समयबद्धता बनाए रखी जाए,ताकि विद्यार्थियों को निष्पक्ष माहौल में परीक्षा देने का अवसर मिल सके। निरीक्षण के दौरान यूएमएस छोटा पांगरो,बोरियो विद्यालय में संचालित मध्याह्न भोजन की भी जांच की गई। जिला शिक्षा अधीक्षक ने भोजन की गुणवत्ता का स्वाद परीक्षण किया तथा भोजन की स्वच्छतागुणवत्ता और पोषण मानकों का निरीक्षण किया।उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया कि विद्यार्थियों को नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जाए।इस मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष ने कहा कि साहिबगंज जिले के सभी प्रखंडों में कक्षा 1 से 7 तक की एस ए-2 परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई है,जो शिक्षकों, विद्यालय प्रबंधन समितियों और शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास का परिणाम है।उन्होंने शिक्षकों और विद्यालय कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और पोषण पर भी विशेष ध्यान देना जरूरी है।उन्होंने यह भी कहा कि जिले में शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए इस प्रकार के निरीक्षण आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## तीन दिवसीय राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव के आयोजन में स्थानीय, राज्यस्तरीय व बॉलीवुड के कलाकार देंगे अपनी प्रस्तुतिः उपायुक्त

**संवाददाता**

**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने शनिवार को बताया कि तीन दिवसीय राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव, 2026 का आयोजन स्थानीय केकेएन स्टेडियम देवघर में किया जा रहा हैं इसको लेकर 16, 17 एवं 18 मार्च, 2026 की तिथि निर्धारित है। राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव, 2026 का उद्घाटन दिनांक 16 मार्च को अपराह्न 04:00 बजे स्थानीय के. केएन स्टेडियम में किया जाएगा। इसके अलावा तीन दिवसीय राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव के पहले दिन 16 मार्च को आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम की कुछ झलकी-

1. शाम 4:30 बजे से पाइका नृत्य
2. शाम 5:30 बजे तक स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति
3. शाम 7:00 बजे से अजित - मनोज का भजन

राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव के दूसरे दिन 17.03.2026 आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम की कुछ झलकी -

1. स्थानीय कलाकारों की विभिन्न प्रस्तुति : शाम 5:00 से शाम 6:30 बजे तक
2. स्वराभ्युदय संगीत गुरूकुल की प्रस्तुति : शाम 6:30 से शाम 7:00 बजे तक
3. इंडियन आइडल फेम पूजा चटर्जी की प्रस्तुति : शाम 7:00 बजे से

राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव के तीसरे दिन 18.03.2026 आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम की कुछ झलकी -

1. स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति (झूमर, शास्त्रीय नृत्य, भजन) : शाम 5:00 से शाम 6:30 बजे तक
2. मधुबन्ती बागची बॉलीवुड गायिका शाम 6:30 बजे से अपनी प्रस्तुति देंगे।

**स्थानीय कला के साथ लोक कलाओं को मिलेगा बढ़ावाः**

देश में लोक कला और संस्कृति की एक समृद्ध परंपरा रही है, और राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव के माध्यम से उन पारंपरिक लोक नृत्य विधाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही महोत्सव का उद्देश्य स्थानीय कलाकारों के अलावा लोक कलाओं को बढ़ावा देना और लोक कलाकारों को एक मंच प्रदान करना है, ताकि वे अपनी कला को और अधिक लोगों तक पहुंचा सकें और लोगों को अपने संस्कृति से रूबरू कराया जा सके।

## निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही और गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहींः हेमंत सती



**साहिबगंज :**उपायुक्त हेमंत सती आज निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम स्पेशल डिवीजन द्वारा बनाये जा रहे आर एंड आर कॉलोनी के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता प्रगति और समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके पश्चात उपायुक्त ने मोती झरना में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। साथ ही वहां बन रहे डॉल्फिन शौचालय के निर्माण कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जा रहे इस क्षेत्र में सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप व समय पर पूर्ण किए जाएं, ताकि पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

## जिला को 14 चार पहिया वाहन और 26 दो पहिया वाहन उपलब्ध कराए गए हैं : डीएसपी

- साहिबगंज जिला को मिले 14 बोलेरो चार पहिया व 26 दो पहिया वाहन सुरक्षा व्यवस्था होगी मजबूत

**संवाददाता**



साहिबगंज जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए राज्य मुख्यालय से पुलिस विभाग को नए वाहन उपलब्ध कराए गए हैं इसके तहत साहिबगंज जिला को कुल 14 बोलेरो चार पहिया वाहन और 26 दो पहिया वाहन प्राप्त हुए हैं इन वाहनों के मिलने से पुलिस की गश्ती व्यवस्था और अपराध नियंत्रण में तेजी आएगी बताया जा रहा है। कि इन नए वाहनों को जिले के विभिन्न थानों में आवश्यकता के अनुसार भेजा जाएगा ताकि पुलिस टीम शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक तेजी से पहुंचकर कानून व्यवस्था बनाए रख सके। वहीं, नगर थाना को दो नए चार पहिया वाहन दिए जाएंगे जिससे शहर क्षेत्र में गश्ती और निगरानी को और मजबूत किया जा सकेगा पुलिस अधिकारियों का मानना है कि नए वाहन मिलने से आपात स्थिति अपराध नियंत्रण और नियमित पेट्रोलिंग में काफी सुविधा होगी इससे पुलिस की त्वरित कार्रवाई क्षमता भी बढ़ेगी और आम लोगों को सुरक्षा का बेहतर माहौल मिलेगा ।

क्या कहते हैं डीएसपीः सुरक्षा के दृष्टिकोण से राज्य मुख्यालय द्वारा साहिबगंज जिला को 14 बोलेरो चार पहिया वाहन और 26 दो पहिया वाहन उपलब्ध कराए गए हैं इन सभी वाहनों को जल्द ही विभिन्न थानों में भेजा जाएगा उन्होंने कहा कि नगर थाना को दो चार पहिया वाहन दिए जाएंगे।जिससे शहर में पुलिस गश्ती और कानून व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जा सकेगा

## मिर्जाचौकी में सजा भव्य श्याम दरबार पहले दिन निकली निशान यात्रा

**संवाददाता**

साहिबगंजःजिले के मिर्जाचौकी हाट बाजार परिसर में दो दिवसीय भव्य श्याम दरबार का आयोजन शुरू हो गया है।कार्यक्रम के पहले दिन शनिवार की सुबह 8 बजे भव्य निशान यात्रा निकाली गई,जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और श्याम बाबा के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। निशान यात्रा मिर्जाचौकी बाजार के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए पुनः हाट बाजार परिसर में आकर संपन्न हुई। आयोजक समिति के अध्यक्ष भोलटू चौधरी ने बताया कि मिर्जाचौकी श्याम परिवार द्वारा पिछले कई वर्षों से भव्य श्याम दरबार का आयोजन किया जाता रहा है। और आगे भी यह परंपरा जारी रहेगी।उन्होंने कहा कि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रात्रि प्रसाद और भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई है।वहीं कार्यक्रम के दूसरे दिन 15 मार्च की संध्या को प्रसिद्ध भक्ति भजन गायक कन्हैया मित्तल श्याम बाबा की भक्ति प्रस्तुत करेंगे।पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मिजाचौकी थाना पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। निशान यात्रा के दौरान हर चौक-चौराहे पर पुलिस की तैनाती रही और सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी स्वयं थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव करते नजर आए।

# न्यूजीलैंड महिला टीम ने पहले टी-20 मैच में दक्षिण अफ्रीका को 80 रन से हराया

एजेंसी

**माउंट माउंगानुई (न्यूजीलैंड) :** न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने रविवार को मैचों की टी-20 सीरीज के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका महिला टीम को 80 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड महिला टीम ने टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। माउंट माउंगानुई के बे ओवल मैदान पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मेजबान टीम ने 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 190 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम की कप्तान अमेलिया केर ने 44 गेंदों में 78



रन बनाए, जिसमें 11 चौके और दो छक्के शामिल थे। सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर ने 44 गेंदों में पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 63 रन बनाए। सोफी डिवाइन 12, ब्रुक हॉलिडे 13 और मैडी ग्रीन ने 10 रन का योगदान दिया।

दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के लिए मसाबाटा कलास और नादिन डी क्लर्क ने दो-दो विकेट लिए। अयाबोंगा खाका और नॉनकुलुलेको म्लाबा ने एक-एक विकेट लिया। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका महिला टीम 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 110 रन ही बना सकी। टीम के लिए सलामी बल्लेबाज तजमिन ब्रिट्स ने 35 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 29 रनों की जुझारू पारी खेली। कायला रेनेके 18 गेंदों में चार चौकों के साथ 24 रन बनाकर नाबाद रहीं। बाकी बल्लेबाज बल्ले से अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहे, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें 80 रनों से हार का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड महिला टीम की ओर से अनुभवी सोफी डिवाइन ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया और चार विकेट लिए। वहीं जेस केर ने दो विकेट लिए।

कप्तान अमेलिया केर को उनके शानदार अर्धशतक के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दोनों देशों के बीच दूसरा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच 17 मार्च को हैमिल्टन में खेला जाएगा।



# अभिनेत्री हंसिका मोटवानी का हुआ तलाक, चार साल में टूटी शादी

सेलेब्रिटीज के तलाक की लिस्ट में अब एक नाम अभिनेत्री हंसिका मोटवानी का भी जुड़ गया है। हंसिका का पति सोहेल कथूरिया से तलाक हो गया है। काफी वक्त से उनकी शादी में दरार की खबरें आ रही थीं। अब इस पर मुहर लग गई है। मुंबई की बांद्रा कोर्ट ने हंसिका और सोहेल का तलाक फाइनल कर दिया है। दोनों की शादी सिर्फ चार साल तक ही चल सकी।

### 2022 में हुई थी शादी, आपसी सहमति से हुआ तलाक

हंसिका ने बिजनेसमैन सोहेल कथूरिया से 4 दिसंबर 2022 को धूमधाम से शादी की थी। मगर उनकी शादी ज्यादा दिनों तक नहीं चल सकी। शादी के 3 साल बाद से ही उनकी मैरिड लाइफ में उथल-पुथल होने की खबरें आने लगी थीं। सोहेल की हंसिका के साथ ये दूसरी शादी थी। हंसिका की बेस्ट फ्रेंड रिंकी बजाज संग उन्होंने पहली शादी की थी। हालांकि, सोहेल और हंसिका के तलाक की मुख्य वजह अब तक सामने नहीं आई है। लेकिन उनकी शादी में दिक्कतें पिछले लगभग दो साल से बनी हुई हैं। जानकारी के मुताबिक दोनों जुलाई 2024 से ही अलग रह रहे हैं। इस दरमियान घरवालों ने दोनों की शादी को बचाने का काफी प्रयास भी किया, लेकिन वो सफल नहीं हो सके। अंततः दोनों का तलाक हो गया। ये तलाक आपसी सहमति से हुआ है।

### बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट की करियर की शुरुआत

हंसिका मोटवानी ने अपने करियर की शुरुआत बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट की थी। वो बच्चों के लोकप्रिय टीवी सीरियल 'शा का ला का बूम बूम' में भी नजर आई थीं। इसीसे उन्हें पहचान मिली। इसके बाद वो ऋतिक रोशन की 'कोई मिल गया' में भी बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट ही नजर आईं। बाद में उन्होंने 2007 में साउथ की फिल्म 'देसमुदुरु' से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की। इस फिल्म में वो अल्लू अर्जुन के साथ प्रमुख भूमिका में नजर आई थीं। इस फिल्म के लिए हंसिका को साउथ का बेस्ट डेब्यू एक्ट्रेस का अवॉर्ड भी मिला था। इसके बाद वो कई अन्य साउथ की फिल्मों में भी नजर आईं। हंसिका को बॉलीवुड में पहचान हिमेश रेशमिया के साथ फिल्म 'आपका सुरूर' से मिली।

## भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने पूरे किए 150 अंतरराष्ट्रीय मैच, हॉकी इंडिया ने दी बधाई

एजेंसी

**हैदराबाद :** हॉकी इंडिया ने भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे को अंतरराष्ट्रीय करियर में 150 मैच पूरे करने पर बधाई दी है। सलीमा ने यह उपलब्धि हॉकी वर्ल्ड कप क्वालिफायर्स 2026 के फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड महिला हॉकी टीम के खिलाफ खेलते हुए हासिल की। यह मैच हैदराबाद के जी.एम.सी. बालयोगी हॉकी ग्राउंड में खेला गया। झारखंड में जन्मी 25 वर्षीय मिडफील्डर सलीमा टेटे अपनी तेज रफ्तार और मैदान पर अथक मेहनत के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने नवंबर 2016 में मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैचों की श्रृंखला के दौरान भारतीय टीम के लिए पदार्पण किया था। तब से वह राष्ट्रीय टीम की सबसे प्रभावशाली खिलाड़ियों में से एक बन चुकी हैं और अब तक 16 अंतरराष्ट्रीय गोल भी कर चुकी हैं। सलीमा ने मात्र 19 वर्ष की उम्र में ओलंपियन का दर्जा हासिल किया, जब वह टोक्यो ओलंपिक 2020 में चौथे स्थान पर रहने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थीं। इसके बाद उनके करियर में लगातार उन्नति देखने को मिली। 2022 में मस्कट में आयोजित महिला एशिया कप में उन्हें ह्यराइजिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंटह्न का पुरस्कार मिला, जहां भारत ने तीसरा स्थान हासिल किया था। उन्होंने 2021 में दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में आयोजित महिला जूनियर विश्व कप में भारतीय टीम की कप्तानी भी की, जहां टीम चौथे स्थान पर रही। इसके अलावा 2022 के कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ कांस्य पदक मुकाबले में उनका अहम गोल भारत की जीत में निर्णायक साबित हुआ।

सलीमा भारतीय टीम का हिस्सा रहीं जिसने 2022 में स्पेन में आयोजित ऋक्ष्ल महिला नेशंस कप जीता और 2023 के एशियाई खेलों में कांस्य पदक हासिल किया। उसी वर्ष रांची में आयोजित महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में उन्होंने सात मैचों में पांच गोल किए और ह्यप्लेयर ऑफ द टूर्नामेंटह्न चुनी गईं। साल 2024 में उन्हें भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान बनाया गया। उनकी अगुआई में भारत ने बिहार में आयोजित महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में स्वर्ण पदक जीता और 2025 के महिला एशिया कप में रजत पदक हासिल किया। उनके शानदार प्रदर्शन को कई पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया है। 2021 में उन्हें ह्यहॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा अवॉर्डह्न से नवाजा गया, जबकि 2023 में उन्हें ह्यहॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर प्लेयर ऑफ द ईयरह्न पुरस्कार मिला। 2024 में खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि इतनी कम उम्र में 150 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलना सलीमा की प्रतिभा, निरंतरता और समर्पण को दर्शाता है। वहीं महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि सलीमा हाल के वर्षों में भारतीय महिला हॉकी की सबसे प्रभावशाली खिलाड़ियों में से एक रही हैं और भविष्य में उनसे और कई बड़ी उपलब्धियों की उम्मीद है।

# आर्सेनल के मैक्स डॉवमैन प्रीमियर लीग में गोल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने

एजेंसी

**लंदन (यूके) :** आर्सेनल के युवा विंगर मैक्स डॉवमैन ने प्रीमियर लीग में इतिहास रचते हुए सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। शनिवार को एवर्टन के खिलाफ खेले गए मुकाबले में आर्सेनल की 2-0 की जीत के दौरान डॉवमैन ने स्टॉपेज टाइम में गोल कर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। 16 साल और 73 दिन की उम्र में गोल करने वाले डॉवमैन ने एवर्टन के पूर्व स्ट्राइकर जेम्स वॉन का 19 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। वॉन ने 2005 में क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ खेलते हुए 16 साल और 270 दिन की उम्र में गोल किया था। अब डॉवमैन प्रीमियर लीग के इतिहास में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। मुकाबले के अंतिम क्षणों में आया यह गोल आर्सेनल की जीत को पक्का करने वाला साबित हुआ। इस जीत के साथ टीम ने लीग तालिका में शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली। युवा



खिलाड़ी के इस प्रदर्शन से क्लब के खिलाड़ी, स्टाफ और दर्शक सभी बेहद उत्साहित नजर आए। मैच के बाद आर्सेनल के मैनेजर मिकेल आर्टेटा ने डॉवमैन की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह क्लब और खिलाड़ी दोनों के लिए बेहद खास पल है।

आर्टेटा ने कहा, ह्ययह एक शानदार क्षण था। सभी खिलाड़ी और दर्शक खुशी से झूम रहे थे। यह एक खूबसूरत दिन है। इतनी कम उम्र में, इतने दबाव और उम्मीदों के बीच इस तरह का प्रदर्शन करना आसान नहीं होता। जब आर्टेटा से पूछा गया कि मैदान पर भेजने से पहले उन्होंने डॉवमैन से क्या कहा था, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, ह्यमैंने उससे कहा था कि जाओ, अपना खेल खेलो और हमें मैच जिताओ। डॉवममैन का यह गोल न केवल उनके करियर की शानदार शुरूआत माना जा रहा है, बल्कि आर्सेनल के लिए भी भविष्य की बड़ी उम्मीद के रूप में देखा जा रहा है। फुटबॉल विशेषज्ञों का मानना है कि इतनी कम उम्र में इस तरह का आत्मविश्वास और प्रदर्शन उन्हें आने वाले समय में प्रीमियर लीग का बड़ा सितारा बना सकता है।



# एक्टिंग से ब्रेक ले सकते हैं वरुण

फिल्म 'बॉर्डर 2' में वरुण धवन की एक्टिंग को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। अब एक्टर की अगली फिल्म भी जल्द रिलीज होने वाली है। मगर इससे पहले ही वरुण एक लंबे ब्रेक पर जा सकते हैं। साथ ही उन्होंने यह तैयारी भी कर ली है कि वो इन फुरसत के पलों को कैसे बिताएंगे?

### 'बॉर्डर 2' की रिलीज के बाद लिया फैसला

इस साल वरुण धवन की कई फिल्में रिलीज हुई हैं। साल के शुरुआत में रिलीज हुई 'बॉर्डर 2' में एक्टर को काफी पसंद किया गया था। इसके बाद से ही उन्हें फैंस का खूब प्यार मिल रहा है। इसी बीच फिल्मफेयर की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वरुण जल्द ही एक्टिंग से लंबा ब्रेक लेने वाले हैं। इसके लिए उन्होंने काफी कुछ सोच रखा है।

### परिवार और बेटी को समय देगें वरुण

रिपोर्ट के मुताबिक वरुण पहले 'बॉर्डर 2' की शूटिंग और फिर प्रमोशन में काफी व्यस्त थे। अब वो अपने परिवार के साथ समय बिताना चाहते हैं। एक्टर अपनी बेटी लारा के साथ रहना चाहते हैं। इसके चलते ही वो कुछ वक्त के लिए काम से दूरी बना सकते हैं। इस दौरान वह पूरी तरह से अपनी बेटी और परिवार को समय देंगे।



## अनन्या पांडे ने शेयर की अपने रिलेशनशिप की मुश्किलें, बोलीं - 'खुद को हमेशा कमतर समझा...'

अनन्या पांडे ज्यादातर अपने परिवार और दोस्तों के बीच दिखाई देती हैं। मगर एक बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने अपने पुराने रिलेशनशिप के अनुभवों से सीखने की बात स्वीकार की। अनन्या पांडे ने हाल ही में दिए अपने एक इंटरव्यू में पुराने रिलेशनशिप उससे जुड़ी उम्मीदें और अपने निजी जीवन के बारे में काफी कुछ बताया।

एक्ट्रेस ने खुद के जीवन जीने के तरीकों में बदलाव की बात भी कही।

### एक्ट्रेस ने रिश्तों से मिला दुख किया शेयर

अनन्या पांडे अपने दोस्तों और फैमिली के साथ काफी समय बिताती हैं। हार्पर बाजार इंडिया को दिए अपने इंटरव्यू में अनन्या ने अपने अतीत और निजी जीवन के नजरिए के बारे में काफी कुछ शेयर किया। एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे अकेले रहने में काफी परेशानी होती है। वह हर वक्त परिवार और दोस्तों से घिरे रहना पसंद करती हैं। मगर कुछ समय बाद मुझे अकेले रहने का महात्व समझ आया। ऐसा करने से मैंने अपने जीवन में एक बदलाव महसूस किया। मुझे रिश्तों पर दोबारा सोचने का समय मिला।'

### खुद को हमेशा कमतर समझा

एक्ट्रेस ने अपनी बातचीत में आगे बताया कि उनके पिछले रिश्ते से उन्होंने काफी सबक लिए। इस रिश्ते ने उनके आत्म-सम्मान पर भी काफी प्रभाव डाला। अकेलेपन के पहले जब वो रिश्ते में थी उन्होंने खुद को हमेशा कमतर समझा।

## दिलजीत के साथ सपनों की दुनिया का किस्सा लेकर आए इम्तियाज

दिलजीत दोसांझ फिल्म 'बॉर्डर 2' के बाद जल्द ही फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' में नजर आएंगे। शुक्रवार को इस फिल्म का टीजर सामने आया है। फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली ने किया है। फिल्म के टीजर में पुराने वक्त की एक प्रेम कहानी नजर आ रही है। इसमें शरवरी एक अलग अंदाज में दिखाई दीं। फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' की कहानी पंजाबी पृष्ट भूमि पर बेस्ड एक लव स्टोरी है। फिल्म में एक लड़का (वेदांग रैना) लड़की को पसंद करता है। उस लड़की (शरवरी) को छिपकर देखता रहता है। जिसके बाद उनके मिलने के सीन को दिखाया गया। साथ ही एक्टर नसीरुद्दीन शाह भी फिल्म का हिस्सा हैं। दिलजीत दोसांझ अपने किरदार में भावुक दिखाए गए। फिल्म में पंजाब के हरे भरे खेतों से लेकर किरदार तक पुराने वक्त की याद दिला रहे हैं। शरवरी सलवार-कमीज में पंजाबी लड़की की भूमिका में काफी खूबसूरत दिखाई दीं। वही वेदांग रैना सिर पर पगड़ी बांधे नौजवान लड़के के किरदार मे हैं।



छोटा डॉन बन

# तान्या मित्तल को गुंडों से बचाने पहुंचे राजपाल यादव

कॉमेडियन और चर्चित एक्टर राजपाल यादव और 'बिग बॉस 19' फेम तान्या मित्तल साथ में स्क्रीन शेयर कर रहे हैं। उन्हें देख दर्शक भी हैरान है। राजपाल यादव इन दिनों सुर्खियों में हैं। बीते महीने फरवरी में चेक बाउंस से जुड़े एक मामले में उन्होंने तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण किया था। हालांकि, फिलहाल वे जमानत पर बाहर हैं। इस बीच एक्टर धड़ाधड़ अपने आगामी प्रोजेक्ट पूरे कर रहे हैं। एक प्रोजेक्ट में वे 'बिग बॉस 19' फेम तान्या मित्तल के साथ नजर आए हैं। दोनों की जुगलबंदी ने दर्शकों को चौंका दिया है।

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर तान्या मित्तल खूब चर्चा में रहती हैं। 'बिग बॉस 19' के बाद तो उनकी लोकप्रियता में और इजाफा हुआ है। दर्शक अब तान्या को स्क्रीन पर राजपाल यादव के साथ देख पाएंगे। सामने आए वीडियो में राजपाल



यादव छोटा डॉन बनकर तान्या मित्तल को गुंडों से बचाते हैं। बता दें कि तान्या और राजपाल यादव एक विज्ञापन वीडियो में साथ नजर आए हैं। यह एड एक ब्यूटी सर्विस देने वाली कंपनी से जुड़ा है।

**क्या तान्या मित्तल ने सुनाई फर्जी कहानी?**

वीडियो काफी फनी है। इसमें देखा जा सकता है कि राजपाल यादव के किरदार को लोग अर्थी पर रखकर अंतिम संस्कार के लिए ले जा रहे हैं। इस बीच तान्या मित्तल को गुंडे परेशान करते हैं और वे अकेली जूझ रही होती हैं। इसी बीच राजपाल यादव अर्थी से उठ जाते हैं और लोगों से कहते हैं, 'रुको'। लोग देखकर कहते हैं, 'छोटा डॉन'। तान्या भी खुश हो जाती हैं और कहती हैं, 'छोटा डॉन आ गया'। राजपाल यादव गुंडों से तान्या को सुरक्षित बचाते हैं। बाद में पता चलता है कि यह एक फर्जी कहानी है, जो तान्या मित्तल लोगों को सुना रही थीं।

**तान्या की एक्टिंग ने जीता दिल**

इस वीडियो पर दर्शकों के मजेदार कमेंट्स आ रहे हैं। यूजर लिख रहे हैं, 'इसकी उम्मीद तो हमें बिल्कुल नहीं थी'। वहीं, एक यूजर ने लिखा, 'आग लगा दी'। नेटिजन्स तान्या मित्तल की एक्टिंग की जमकर तारीफ कर रहे हैं। बता दें कि तान्या मित्तल अब एक्टिंग की दुनिया में भी कदम रख रही हैं। एकता कपूर ने उन्हें मौका दिया है। खुद तान्या ने बीते दिनों इसकी जानकारी दी थी।

# असम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कई स्वास्थ्य सेवाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

एजेंसी



**गुवाहाटी :** असम के दो दिवसीय दौरे पर गुवाहाटी पहुंचे अमित शाह ने रविवार को यात्रा के दूसरे दिन असम को स्वास्थ्य सेवाओं का एक बड़ा उपहार दिया है। गुवाहाटी में आयोजित एक कार्यक्रम में कई स्वास्थ्य सेवाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। गुवाहाटी के तीसरे मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल की कड़ी में प्रागज्योतिष मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल का उद्घाटन, तिनसुकिया एवं गोलाघाट में निर्मित कैंसर केयर अस्पताल का उद्घाटन, डिफू, जोरहाट और बरपेटा मेडिकल कॉलेज एंड अस्पतालों में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के निर्माण का शिलान्यास, गुवाहाटी में स्वास्थ्य भवन के निर्माण का शिलान्यास और भयापुरी में जिला अस्पताल के निर्माण का शिलान्यास वर्चुअली रूप से किया। ज्ञात हो कि, प्रागज्योतिष मेकिल कॉलेज एंड अस्पताल का निर्माण 13.76 एकड़ भूमि पर 675 करोड़ रुपये की लागत से किया गया। यहां पर 505 बिस्तर एवं 15 आपरेशन कक्ष के समेत अन्य आधुनिक सुविधाएं यहां उपलब्ध हैं। इसके निर्माण में दम्मानी फाउंडेशन ने 150 करोड़ का अनुदान दिया है। यहां प्रत्येक वर्ष 100 छात्रों का दाखिल होगा।

वहीं तिनसुकिया और गोलाघाट में कैंसर केयर अस्पताल का निर्माण असम सरकार और टाटा ट्रस्ट के सहयोग से किया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं की कड़ी में राज्य सरकार ने डिफू में 220 करोड़, जोरहाट में 310 करोड़ एवं बरपेटा में 284 करोड़ की लागत से सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का निर्माण किया जाएगा। जबकि गुवाहाटी में स्वास्थ्य भवन के निर्माण पर 218 करोड़ लागत आएगी तथा अभयापुरी जिला अस्पताल के निर्माण पर 115 करोड़ खर्च किये जाएंगे। अस्पताल में कुल 100 विस्तर होंगे।

## पश्चिम एशिया के सात देशों में सीबीएसई की कक्षा 12 की परीक्षाएं रद्द




एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने पश्चिम एशिया में मौजूदा हालात को देखते हुए कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं रद्द करने का निर्णय लिया है। बोर्ड ने कहा कि छात्रों की सुरक्षा और वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। सीबीएसई ने इस संबंध में शनिवार को एक परिपत्र जारी किया है, जिसके अनुसार बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में संबद्ध स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए 16 मार्च से 10 अप्रैल तक निर्धारित कक्षा 12वीं की सभी परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं। बोर्ड के अनुसार इन देशों में परीक्षाओं के आयोजन की संभावना की समीक्षा संबंधित स्कूलों और स्थानीय अधिकारियों से मिले सुझावों के आधार पर की गई। समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया कि मौजूदा परिस्थितियों में परीक्षाओं का आयोजन संभव नहीं है। सीबीएसई ने यह भी स्पष्ट किया है कि 1 मार्च, 3 मार्च, 5 मार्च, 7 मार्च और 9 मार्च 2026 के परिपत्रों के माध्यम से पहले जिन परीक्षाओं को स्थगित किया गया था, वे भी अब रद्द मानी जाएंगी। बोर्ड ने कहा है कि इन देशों के कक्षा 12 के विद्यार्थियों के परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया और तरीका अलग से सूचित किया जाएगा।

## एनएचएआई ने वार्षिक फास्टैग के दाम 3000 से बढ़ाकर 3075 रुपये किये, 1 अप्रैल से लागू

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने आगामी वित्त वर्ष के लिए फास्टैग वार्षिक पास के शुल्क को 3000 रुपये से बढ़ाकर 3075 रुपये कर दिया है। नए रेट 1 अप्रैल से लागू होंगे।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि यह संशोधन राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दर निर्धारण और वसूली) नियम, 2008 के प्रावधानों के अनुसार किया गया है। देश में निजी वाहन मालिकों के बीच फास्टैग वार्षिक पास को तेजी से अपनाया जा रहा है और वर्तमान में इसके 56 लाख से अधिक उपयोगकर्ता हैं। वार्षिक पास को 15 अगस्त 2025 को शुरू किया गया था। प्राधिकरण के अनुसार इसे देशभर के राजमार्ग उपयोगकताओं से अच्छा रिस्पॉन्स मिला। संशोधित शुल्क राष्ट्रीय राजमार्गों और राष्ट्रीय द्रुतमार्गों के लगभग 1150 टोल प्लाजा पर लागू होगा। यह सुविधा केवल वैध फास्टैग वाले गैर-वाणिज्यिक वाहनों के लिए उपलब्ध है। फास्टैग वार्षिक पास एक बार शुल्क भुगतान करने पर एक वर्ष या 200 टोल प्लाजा पार करने तक मान्य रहता है। इससे बार-बार फास्टैग रिचार्ज कराने की आवश्यकता नहीं पड़ती। प्राधिकरण ने बताया कि एकमुश्त शुल्क का भुगतान करने के बाद यह पास दो घंटे के भीतर वाहन से जुड़े मौजूदा फास्टैग पर सक्रिय हो जाता है। इसके लिए राजमार्ग यात्रा अनुप्रयोग या प्राधिकरण की वेबसाइट के माध्यम से भुगतान किया जा सकता है।

## जीआरपी ने बिछड़े बालक को परिजनों से मिलाया, मां का चेहरा खिल उठा

**देवरिया :** जीआरपी थाना देवरिया पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर अपने माता-पिता से बिछड़े एक मासूम बालक को सुरक्षित ढूंढकर उसकी मां से मिलाया। बेटे के ?मिलते मां का चेहरा खिल उठा और पुलिस टीम की सराहना की। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे सर्किल बलिया सवि रत्न गौतम ने बताया कि चेकिंग के दौरान जीआरपी थाना देवरिया की टीम को प्लेटफार्म संख्या 1 पर लगभग 4 वर्ष का एक बालक रोते हुए मिला। मौके पर मौजूद चेकिंग टीम और महिला हेड कांस्टेबल प्रतिभा भारती ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बालक को अपने संरक्षण में लिया और उसे शांत कराया। बालक ने अपना नाम रोहन (नाम व पता काल्पनिक) बताया और कहा कि वह अपने माता-पिता से बिछड़ गया है और भटकते हुए रेलवे स्टेशन पहुंच गया। इसके बाद पुलिस टीम ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए रेलवे स्टेशन परिसर में अनाउंसमेंट करवाया, ताकि उसके परिजनों तक सूचना पहुंच सके। बालक की मां संजू देवी पत्नी आनंद प्रजापति निवासी थाना महुआडीह जनपद देवरिया जीआरपी थाना पहुंचीं। बालक ने अपनी मां को पहचानते हुए बताया कि यह उसकी माता हैं।

# 15 सौ करोड़ के साइबर घोटाले का मास्टरमाइंड सूरत एयरपोर्ट से गिरफ्तार

एजेंसी

**सूरत :** गुजरात के सूरत साइबर क्राइम सेल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे ट्रेडिंग फ्रॉड रैकेट के मुख्य आरोपित अल्पेश वघासिया को सूरत इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित शेयर ट्रेडिंग और करेंसी ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी कर दुबई में बैठकर पूरे नेटवर्क को संचालित कर रहा था। ट्रेडिंग फ्रॉड रैकेट का मुख्य आरोपित अल्पेश वघासिया के बारे में एक चौंकाने वाली बात सामने आयी है कि अल्पेश सिर्फ 9वीं कक्षा तक पढ़ा है, लेकिन उसने करीब 1500 करोड़ रुपये के ट्रांजेक्शन वाला साइबर नेटवर्क खड़ा कर दिया। दुबई से भारत लौटते ही गिरफ्तारी अल्पेश वघासिया लंबे समय से दुबई में रहकर अपने ठगी के नेटवर्क को चला रहा था। हालांकि वहां की बिगड़ती परिस्थितियों और युद्ध जैसी स्थिति के कारण वह दुबई छोड़कर भारत लौटना चाहता था। अंग्रेजी न आने के कारण उसे विदेश में रहने में भी परेशानी हो रही थी। जैसे ही वह भारत लौटने की कोशिश में सूरत एयरपोर्ट पहुंचा, पहले से जारी लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) के आधार पर साइबर क्राइम टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को चकमा देने के लिए उसने तीन बार सूरत की फ्लाइट बुक की थी, लेकिन वे रद्द हो गईं। बाद में वह पहले बैंकॉक गया और वहां से अलग-अलग रूट से होते हुए सूरत पहुंचा, जहां उसे पकड़ लिया गया। आरोपित मूल रूप से राजकोट जिले के गोंडल का निवासी है और सूरत के वेलंजा इलाके में एक आलीशान बंगले में रहता था। जांच में सामने आया कि इस गिरोह के विभिन्न बैंक खातों में करीब 15,36,30,08,975 रुपये के ट्रांजेक्शन हुए हैं। इतनी बड़ी रकम देखकर जांच अधिकारी भी हैरान रह गए। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि यह पैसा कहां से आया और किन-किन लोगों तक पहुंचा। आरोपितों ने सूरत के उत्राण और राजकोट में आलीशान ऑफिस खोल रखे थे। यहां आइवी ट्रेड और स्काई ग्रोथ वेल्थ मैनेजमेंट नाम से मल्टी लेवल मार्केटिंग (एमएलएम) स्कीम चलाई जाती थी। बिना किसी वैध लाइसेंस के लोगों को करेंसी और शेयर ट्रेडिंग में ज्यादा मुनाफे का लालच दिया जाता था। निवेशकों का पैसा आंगड़िया और शेल कंपनियों के बैंक खातों के जरिए दुबई भेजा जाता था।

# कृषि मंत्री ने लोक पर्व फूलदेई पर बच्चों को दिए उपहार

एजेंसी



**देहरादून :** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को अपने शासकीय आवास पर परिवार के साथ उत्तराखंड के लोकपर्व फूलदेई को हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया। इस दौरान पारंपरिक परिधान पहनकर पहुंचे पर्वतीय संस्कृति संरक्षण समिति और कुर्मांचल सांस्कृतिक एवं कल्याण परिषद के बच्चों ने कृषि मंत्री गणेश जोशी के आवास की देहरी पर फूल और चावल अर्पित कर घर-परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। बच्चों ने ल्फूल देई-छम्मा देई, जतुके दियाला-उतुके सईह्व जैसे पारंपरिक लोकगीत गाकर पर्व की खुशियों को और भी बढ़ाया। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बच्चों का स्नेह स्वागत करते हुए उन्हें उपहार भेंट किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेशवासियों को लोक पर्व फूलदेई की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तराखंड की समृद्ध लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत का यह पर्व प्रकृति, खुशहाली और नई ऊर्जा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बसंत ऋतु के आगमन पर मनाया जाने वाला यह पर्व हमारे समाज में प्रेम, सौहार्द और समृद्धि का संदेश देता है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि जब छोटे-छोटे बच्चे घर-घर जाकर देहरी पर फूल अर्पित करते हैं और सुख-समृद्धि की कामना करते हैं, तो यह संस्कृति की जीवंतता और आपसी भाईचारे की भावना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोक पर्व हमारी नई पीढ़ी को अपनी जड़ों, परंपराओं और प्रकृति के प्रति सम्मान का भाव सिखाते हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि सभी लोग अपनी लोक संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण में योगदान दें, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इन अमूल्य विरासतों से जुड़ी रहें। मंत्री गणेश जोशी ने सभी प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी की धर्मपत्नी निर्मला जोशी, सचिव चंद्रशेखर जोशी, उपाध्यक्ष मोनिका रावत, पूनम पंवार, राकेश प्रियंका प्रधान, केंद्रीय सांस्कृतिक सचिव बबीता साह लोहनी,पुष्पा बिष्ट, सीमा बिष्ट, गणेश कांडपाल, विनोद कांडपाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## जाति प्रमाणपत्र के लिए 2.5 लाख रुपये लेते महिला अधिकारी गिरफ्तार

**मुंबई :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एंटी-करप्शन ब्यूरो(एसीबी) की टीम ने महिला डिप्टी डायरेक्टर को 2.5 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। कोंकण डिवीजन की शेड्यूल्ड ट्राइब सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन कमेटी की डिप्टी डायरेक्टर मीनाक्षी उन्हाले को जाति प्रमाणपत्र सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन फाइल को मंजूरी देने के लिए 2.5 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एसीबी की पुलिस उपायुक्त सरिता भोसले ने रविवार को बताया कि रायगढ़ जिले के महाड तहसील के एक शिकायतकर्ता ने अपनी बेटी के डी.एड. कोर्स में एडमिशन और अपनी पत्नी की नौकरी के लिए जाति प्रमाणपत्र बनाने के लिए आवेदन किया था। यह आवेदन शिकायतकर्ता ने ठाणे शहर के चराई इलाके में स्थित कोंकण डिवीजन की शेड्यूल्ड ट्राइब सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन कमेटी के ऑफिस में ऑनलाइन और खुद जाकर जमा किया था। डिप्टी डायरेक्टर मीनाक्षी उन्हाले ने आवेदन को मंजूरी देने के लिए 2.5 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी।

## आर्सेनल के मैक्स डॉवमैन प्रीमियर लीग में गोल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने

एजेंसी

**लंदन (यूके) :** आर्सेनल के युवा विंगर मैक्स डॉवमैन ने प्रीमियर लीग में इतिहास रचते हुए सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। शनिवार को एवर्टन के खिलाफ खेले गए मुकाबले में आर्सेनल की 2-0 की जीत के दौरान डॉवमैन ने स्टॉपेज टाइम में गोल कर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। 16 साल और 73 दिन की उम्र में गोल करने वाले डॉवमैन ने एवर्टन के पूर्व स्ट्राइकर जेम्स वॉन का 19 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। वॉन ने 2005 में क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ खेलते हुए 16 साल और 270 दिन की उम्र में गोल किया था। अब डॉवमैन प्रीमियर लीग के इतिहास में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। मुकाबले के अंतिम क्षणों में आया यह गोल आर्सेनल की जीत को पक्का करने वाला साबित हुआ। इस जीत के साथ टीम ने लीग तालिका में शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली। युवा खिलाड़ी के इस प्रदर्शन से क्लब के खिलाड़ी, स्टाफ और दर्शक सभी बेहद उत्साहित नजर आए। मैच के बाद आर्सेनल के मैनेजर मिकेल आर्टेटा ने डॉवमैन की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह क्लब और खिलाड़ी दोनों के लिए बेहद खास पल है। आर्टेटा ने कहा, ल्यह एक शानदार क्षण था। सभी खिलाड़ी और दर्शक खुशी से झूम रहे थे। यह एक खूबसूरत दिन है। इतनी कम उम्र में, इतने दबाव और उम्मीदों के बीच इस तरह का प्रदर्शन करना आसान नहीं होता। जब आर्टेटा से पूछा गया कि मैदान पर भेजने से पहले उन्होंने डॉवमैन से क्या कहा था, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, ल्मैंने उससे कहा था कि जाओ, अपना खेल खेलो और हमें मैच जिताओ।

# पटना मैराथन 2026: दौड़े हजारों कदम, नशामुक्त बिहार के संकल्प को मिला जनसमर्थन

एजेंसी




**पटना :** बिहार सरकार के मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग तथा भारतीय स्टेट बैंक के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को ऐतिहासिक गांधी मैदान में ल्एसबीआई पटना मैराथन-2026ह्व का सफल आयोजन किया गया। ल्रन फॉर नशामुक्त बिहारह्व थीम पर आयोजित इस मैराथन में 10 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नशामुक्त और स्वस्थ बिहार के संकल्प को मजबूती दी। मैराथन का उद्देश्य बिहार को नशामुक्त बनाने, लोगों में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत एक ऊजार्वान जुम्बा सेशन से हुई, जिसने प्रतिभागियों में जोश और ऊर्जा का संचार किया। इस अवसर पर बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी पी. वी. सिंधु , मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के सचिव अजय यादव , आयुक्त उत्पाद-सह-निबंधन महानिरीक्षक अंशुल अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन की शुरूआत प्रातः 3:30 बजे गांधी मैदान के गेट संख्या-01 से हुई। निर्धारित रूट गांधी मैदान से शुरू होकर जेपी गंगा पथ और अटल पथ तक था। अटल पथ से यू-टर्न लेकर प्रतिभागी उसी मार्ग से वापस गांधी मैदान के गेट संख्या-01 पहुंचे, जहां फिनिशिंग लाइन पर दौड़ का समापन हुआ। मैराथन की विभिन्न श्रेणियों की दौड़ को अलग-अलग अंतराल पर गेट संख्या-01 से हरी झंडी दिखाकर शुरू किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए प्रशासन ने सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण और विधि-व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए थे। मार्ग पर दंडाधिकारियों, पुलिस अधिकारियों और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रतिभागियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मार्ग पर अस्थायी चिकित्सा शिविर लगाए गए थे। विशेषज्ञ डॉक्टरों और कार्डियोलॉजिस्ट की टीम तैनात की गई थी। 10.5 किलोमीटर के बिंदु पर एंबुलेंस और चिकित्सकों की व्यवस्था के साथ पूरे मार्ग पर दो एंबुलेंस लगातार निगरानी में रहीं।

इसके अतिरिक्त, आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए पटना मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, नालंदा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी तथा इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं, ऑपरेशन थिएटर और ट्रॉमा सेंटर तैयार रखे गए थे। मैराथन में 21.2 किमी (हाफ मैराथन), 10 किमी और 5 किमी श्रेणियों की दौड़ भी आयोजित की गई, जिनमें देश-विदेश के धावकों के साथ बड़ी संख्या में युवाओं और खेल प्रेमियों ने भाग लेकर नशामुक्त बिहार के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## न्यूज IN ब्रीफ

### छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में हल्की बारिश और बिजली गिरने की संभावना, तपिश से मिलेगी राहत

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में रविवार को बादल छाने के आसार हैं। तापमान में गिरावट की संभावना है, जिससे धूप की तेज तपिश से लोगों को राहत मिल सकती है। दक्षिणी और उत्तरी के कुछ इलाकों में हल्की बारिश और बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को प्रदेश में मौसम शुष्क रहा। सबसे ज्यादा तापमान बिलासपुर में 39.6 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम न्यूनतम तापमान में 14.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं राजधानी में आज मौसम का मिजाज घूमने के लिए अनुकूल रहने वाला है। रविवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा सकता है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि एक द्रोणिका उत्तर पूर्व उत्तर प्रदेश के मध्य भाग से दक्षिण अंदरूनी उड़ीसा तक छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में मध्य क्षोभमंडल में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर 60 डिग्री पूर्व और 32 डिग्री उत्तर में स्थित है। प्रदेश में आज एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा और गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। इसके अलावा प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की संभावना बनी हुई है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट संभावित है। मुख्य तौर पर दक्षिण छत्तीसगढ़ व उत्तर में सरगुजा संभाग के जिलों में वर्षा संभावित हैं।

### जनरल स्टोर में आग से कमरे में सो रहे रिटायर्ड शिक्षक की जिंदा जलने से मौत

**पाली :** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक जनरल स्टोर में लगी आग ऊपर बने कमरे तक पहुंच गई। कमरे में सो रहे एक 65 वर्षीय रिटायर्ड शिक्षक की जिंदा जलने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कोतवाली थाने के एएसआई शंकरलाल ने बताया कि शनिवार रात करीब 2:15 बजे एक होमगार्ड जवान ने सूचना दी कि भैरूघाट स्थित अमित जनरल स्टोर में आग लग गई है। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि किसी अज्ञात कारण से जनरल स्टोर में आग लगी, जो धीरे-धीरे ऊपर बने कमरे तक फैल गई। कमरे में सो रहे रिटायर्ड शिक्षक राजेंद्र कुमार शर्मा (65) पुत्र जीवनदास आग से उठे धुएं के कारण बेहोश हो गए और बेड पर ही पड़े रह गए। इसके बाद आग की चपेट में आने से वे बुरी तरह झुलस गए।

दमकलकर्मियों ने जब तक आग बुझाकर उन्हें बाहर निकाला, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। आग लगने के दौरान सुरक्षा के लिहाज से आसपास के इलाके की बिजली भी बंद करवाई गई थी। घटना के समय मृतक का बेटा अमित अपनी पत्नी और बच्चे के साथ दूसरे कमरे में सो रहा था। आग उस कमरे तक नहीं पहुंची, जिससे वे समय रहते बाहर निकलने में सफल रहे। हालांकि इस दौरान अमित हल्का झुलस गया। आग की इस घटना में जनरल स्टोर में रखा सामान, कमरे में रखी अलमारी, बेड और अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है और आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### आआपा ने 2026 असम विस चुनावों के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

**गुवाहाटी :** आम आदमी पार्टी (आआपा) ने रविवार को असम में 2026 के विधानसभा चुनावों के लिए अपने 14 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, जिसमें राज्य भर के कई निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। पार्टी द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, नाउबोइचा, डेरगांव, गोहपुर, मध्य गुवाहाटी और शिवसागर विधानसभा क्षेत्र सहित कई अन्य क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की गई है। पार्टी ने नाउबोइचा से अच्युत दास, डेरगांव से पुलिन गोगोई, गोहपुर से जरबोम कुतुम और मध्य गुवाहाटी से अनुरूपा डेका राजा को मैदान में उतारा है। अन्य उम्मीदवारों में खुमटाई से आशीष हजारिका, शिवसागर से तपन गोगोई, रंगानदी से टिकेंद्र थापा और चेंगा से जाहिदुल इस्लाम खान शामिल हैं। पार्टी ने नादवार विधानसभा क्षेत्र से रंजीत बोड़ो, तीताबर से पल्लव सैकिया, पूर्वी ग्वालपारा से जिन्ना अमीर हुसैन, रहा से बरुण विकास दास, बोकाजान से मेनूका तिमुंगपी और बिश्वनाथ से अनंत गोगोई को भी उम्मीदवार बनाया है। आआपा नेताओं ने कहा कि उम्मीदवारों का चयन पार्टी कार्यकताओं और स्थानीय नेताओं के साथ विचार-विमर्श के बाद किया गया।

### ठाणे में शक की वजह से युवक की हत्या

**मुंबई :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के शील-डाइघर इलाके में पत्नी के चरित्र पर शक करते हुए एक युवक की हत्या करने के आरोप में पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार किया है। इस घटना की आगे की छानबीन शील-डाइघर पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि इस घटना में मृतक युवक की पहचान प्रकाश बिस्सा और आरोपित की पहचान रामराव जाधव के रुप में की गई है। प्रकाश बिस्सा नवी मुंबई के महापे में वेटर का काम करता था। प्रकाश बिस्सा 8 मार्च से 10 मार्च की सुबह तक होटल में नहीं गया था। इसके बाद होटल मालिक ने पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। इसके बाद प्रकाश का शव डाइघर इलाके के पिंपरी गांव में स्थित धान के खेत में क्षत विक्षत हालत में मिला। सिर पर गंभीर चोटें थीं। पुलिस ने प्रकाश के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर सीसीटीवी के फुटेज चेक करने के बाद बीती रात पुलिस ने आरोपित रामराव जाधव को गिरफ्तार कर लिया है। अब तक छानबीन में रामराव ने पुलिस को बताया कि उसे शक था कि वेटर प्रकाश बिस्सा का उसकी पत्नी के साथ अफेयर चल रहा है। इसी गुस्से में उसने प्रकाश को शराब पीने के बहाने बुलाया और धान के खेत में ले गया। वहीं, हथौड़े से प्रकाश के सिर पर वार करके उसकी हत्या कर दी। इस घटना की आगे की जांच जारी है।

### चलती ट्रेन से मोबाइल फोन लूटने वाला युवक गिरफ्तार, यात्रियों पर डंडे से करता था प्रहार

**देवरिया :** उत्तर प्रदेश के जनपद देवरिया सदर रेलवे स्टेशन परिसर में चलती ट्रेन से मोबाइल फोन लूटने वाले एक युवक को जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी का एक एंड्रॉयड मोबाइल भी बरामद किया है। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे बलिया सविरत्न गौतम ने बताया आरोपित की पहचान करन शाह (19 वर्ष) पुत्र लक्ष्मी शाह निवासी भिखमपुर रोड, थाना रामपुर कारखाना, जनपद देवरिया के रूप में हुई है। बरामद मोबाइल जीआरपी थाना देवरिया में दर्ज मुकदमा धारा 304(2) व 317(2) बीएनएस से संबंधित है। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसने चलती ट्रेन संख्या 13020 बाघ एक्सप्रेस के जनरल कोच के दरवाजे पर खड़े एक यात्री पर डंडे से वार कर उसका मोबाइल लूटा था। आरोपित ने यह भी स्वीकार किया कि वह उसी तरीके से फिर से मोबाइल और अन्य कीमती सामान लूटने की नीयत से रेलवे स्टेशन परिसर में घूम रहा था, तभी पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया।

# राज्य गठन के बाद तीसरे नगर परिषद उपाध्यक्ष बने विजय साव,निकाला गया विजय जुलूस

- होली के बाद शहर में जमकर मनी दीवाली
- जुलूस में शामिल हुए विधायक सुखराम

ज्योति पाठक



**चक्रधरपुर:** चक्रधरपुर नगर परिषद के उपाध्यक्ष चुनाव में विजय साव ने न केवल प्रचंड जीत हासिल की, बल्कि एक नया कीर्तिमान भी स्थापित किया है। झारखंड राज्य गठन के बाद यह तीसरे उपाध्यक्ष बने हैं और प्रचंड मतों से जीत कर एक नया कीर्तिमान बनाया है । झारखंड राज्य बनने के पश्चात पहले उपाध्यक्ष के रूप में विकास साव उर्फ टिंकू साव को मतदाताओं ने चुना था। दूसरी बार वार्ड पार्षदों ने आनंद कसेरा को उपाध्यक्ष बनाया।

इसके पश्चात विजय साव को कुल 23 वार्ड पार्षदों में से 21 वार्ड पार्षदों ने विजय साव के पक्ष में मतदान किया जो ऐतिहासिक रिकॉर्ड है। सन्नी उरांव के अध्यक्ष पद के शपथ लेने तथा विजय साव के ऐतिहासिक जीत पर चक्रधरपुर के लोकप्रिय विधायक सुखराम उरांव अनुमंडल कार्यालय पहुंचे और अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के साथ-साथ वार्ड पार्षदों को भी शुभ कामना दी। सन्नी उरांव के अध्यक्ष पद पर शपथ ग्रहण और विजय साव के जीत के उपलक्ष्य में विजय जुलूस निकाला गया जो शहर के विभिन्न रास्तों से निकला ।

सभी लोगों का स्वागत और अभिवादन किया गया। यह जीत निश्चित तौर पर काफी ऐतिहासिक है क्योंकि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों झारखंड राज्य में युवा होने के साथ-साथ कम उम्र के रहने के फलस्वरूप कार्य करने का जूनून और जज्बा देखा जा रहा है जो निश्चित तौर पर चक्रधरपुर के लिए सुखद और बेहतर है। वहीं चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव की उपस्थिति भी यह संदेश देने के लिए काफी है कि - चक्रधरपुर नगर परिषद का भरपूर विकास होगा और दिखेगा।

# घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता व वितरण की निगरानी को लेकर जांच दल का गठन

## डीसी ने सभी एसडीओ व बीडीओ को गैस गोदामों का औचक निरीक्षण व स्टॉक वेरिफिकेशन का दिया निर्देश

मेट्रोरेज संवाददाता

**पलामू:** जिले में घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता एवं उसके सुचारु वितरण को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने निगरानी व्यवस्था को सख्त कर दिया है। इस संबंध में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारी तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी को जांच दल गठित कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।जारी निर्देश में कहा गया है कि हाल के दिनों में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से गैस उपभोक्ताओं को घरेलू रसोई गैस प्राप्त करने में कठिनाइयों की सूचना मिल रही है। इन शिकायतों के मद्देनजर प्रशासन ने स्थिति की निगरानी के लिए अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर जांच दल गठित करने का निर्णय लिया है। गठित जांच दल अपने-अपने क्षेत्र में स्थित गैस वितरकों के गोदामों में उपलब्ध घरेलू रसोई




गैस की स्थिति की जांच करेंगे तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि गैस का वितरण उपभोक्ताओं के बीच सही और पारदर्शी तरीके से किया जा रहा है। इसके साथ ही रसोई गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए संबंधित गोदामों का औचक निरीक्षण करने तथा आवश्यक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया है। सभी अनुमंडल पदाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी को इस संबंध में की गई कार्रवाई का साप्ताहिक प्रतिवेदन उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराने को लेकर भी निर्देशित किया गया है। इधर ,शनिवार को विभिन्न प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों द्वारा गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण व स्टॉक वेरिफिकेशन की कार्रवाई प्रारंभ कर दिया गया।

# प्रवीण कुमार ने कतरास थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक के रूप में दिया योगदान



विनय मिश्रा

2012 बैच के पुलिस निरीक्षक प्रवीण कुमार ने धनबाद जिला के कतरास थाना में थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया। श्री कुमार झारखंड के तेज तर्रार कर्मठ और उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाते हैं। यही नहीं पूरे राज्य में उनकी पहचान फिंगर स्पेशलिस्ट के रूप में भी है। श्री कुमार इससे पूर्व चक्रधरपुर के थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक तथा सदर थाना चाईबासा के भी लोकप्रिय पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रह चुके हैं । इसके अलावा गढ़वा के बाद धनबाद में पदस्थापना के दौरान श्री कुमार बैंक मोड़ के थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक के रूप में पदस्थापित थे । वर्तमान में धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने उन्हें कतरास थाना का नया दायित्व सौंपा है। श्री कुमार ने नव पदस्थापना स्थल पर योगदान देने के साथ अपनी प्राथमिकता के बारे में बताया कि बेहतर विधि व्यवस्था और पूरे क्षेत्र में लोग शांतिपूर्वक बेहतर ढंग से जीवन यापन करें यह उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके अलावा अपराध नियंत्रण और अपराधियों की धर पकड़ के लिए पुलिस के मुहिम जारी रहेगी। किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई समस्या या कठिनाई हो तो वह थाना आकर अपनी बात कह सकता है। कतरास पुलिस तत्क्षण कार्रवाई करेगी। आम लोगों के बीच पुलिस के बेहतर छवि और सहयोगी के रूप में पहचान और प्रगाढ़ संबंध बने यह भी उनका प्राथमिकता में शामिल है। विदित होकर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी श्री कुमार झारखंड के लोकप्रिय कर्मठ और उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाते हैं।

# देवघर में शुरू हुआ राज्य स्तरीय खादी प्रदर्शनी सह बिक्री कार्यक्रम

संवाददाता

**देवघर:** वर्तमान परिप्रेक्ष्य में युवा पीढ़ी हृदय से खादी को अपना सके, इसी सोच को आगे रखते हुए झारखंड की सांस्कृतिक राजधानी देवघर में राज्य स्तरीय खादी प्रर्दशनी सह बिक्री कार्यक्रम आयोजित की गई है जो वर्तमान में देश की मांग भी है एवं प्रधानमंत्री द्वारा खादी को अपनाने पर बल दिया जाता रहा है। इसी सोच को अमलीजामा पहनाने के उद्देश्य से खादी और ग्रामोद्योग आयोग सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (भारत सरकार) के अध्यक्ष, मनोज कुमार के कुशल नेतृत्व में आयोग द्वारा खादी एवं स्वदेश निर्मित ग्रामोद्योग का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है ताकि देश आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सके और वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा दिया जा सके।



**झारखण्ड की सांस्कृतिक राजधानी देवघर में आयोजित में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ,** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (भारत सरकार), राज्य कार्यालय, रांची द्वारा आयोजित भव्य राज्य स्तरीय खादी प्रदर्शनी (विपणन), 2025-26 का आज 6 दिन है एवं देवघर की जनता स्वदेशी प्रेमी है, यह प्रदर्शनी में उमड़ी भीड़ को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है।

**प्रदर्शनी सह विक्री के विशेष आकर्षण :-** स्वदेशी उत्पाद जैसे- सूती, रेशमी, ऊनी एवं पोलीवस्त्र के खादी कपड़े की उपलब्धता।

खासकर सिल्क में झारखंड का मशहूर तसर सिल्क, तसर कटिया, पोली कटिया, सिल्क मटका, सिल्क मलबरी साड़ी, तसर साड़ी, गरड़ साड़ी, सिल्क बलकल, सिल्क अंगवस्त्र, तसर शॉल, रेडीमेड रेशमी बंडी, रेशमी कुर्ता-कुर्ती, रेशमी सर्ट-पैंट की पुरजोर बिक्री।

सूती खादी में सूती थान, सूती धोती, साड़ी, गमछा, चादर, रेडीमेड कुर्ता-पाजामा, सुती बंडी, सुती अंगवस्त्र प्रदर्शन एवं बिक्री हेतु उपलब्ध।

मसलीन खादी में:मसलीन थान, रेडीमेड कुर्ता-पाजामा मशहूर मलमल जो बहुत ही बारीक एवं फाईन हाते हैं, विशेष आकर्षण के केन्द्र।

महिलाओं के लिए विशेष आर्कषण बिहार के मधुबनी पिंट की साड़ी, ब्लाक प्रिंट, स्क्रीन प्रिंट, कत्था स्टीप, रिवर्स कत्था, झारखंड का मशहूर सोहराई प्रिंट की साड़ी, असम की वाटिका प्रिंट की साड़ियों वाले स्टॉल पर महिलाओं की भीड़।

शहद, अगरबत्ती, हर्बल उत्पाद तथा हस्तनिर्मित वस्तुओं की उपलब्धता। उद्यमियों द्वारा तैयार किए गए खाद्य उत्पाद एवं हस्तशिल्प आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र।

प्रदर्शनी में लगे विभिन्न स्टॉलों पर कारीगरों द्वारा उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया की जानकारी भी दी जा रही है। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ एवं नई पीढ़ी के युवा कर रहे प्रदर्शनी का अवलोकन । कारीगरों और उद्यमियों के लिए उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन का बेहतर अवसर है यह प्रदर्शनी।

प्रतिदिन होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बन रहा पूरा वातावरण उत्सवमय। स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत गीत-संगीत एवं नृत्य कार्यक्रमों का दर्शकों ने लिया भरपूर आनंद। बच्चों एवं कला-प्रेमियों के लिए प्रदर्शनी बना आकर्षण एवं मनोरंजन का केन्द्र ।

आगंतुकों को खादी के महत्व तथा ग्रामोद्योग योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है।

आयोजकों ने आम जनता से प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में जनता से आने की अपील की। इस प्रदर्शनी की समाप्ति में सिर्फ 4 दिन शेष हैं। अतः देवघर एवं उसके आसपास की संताल परगना की आम जनता से अपील है कि प्रदर्शनी में आकर स्वदेशी उत्पाद खरीदकर महात्मा गांधी जी के स्वराज के सपने को साकार करने की दिशा में पहल करें। इससे न सिर्फ देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि स्वदेशी का प्रचार-प्रसार होगा एवं देश की पूंजी देश में रहेगी एवं बेरोजगारों एवं ग्रामीण कारीगरों को रोजगार का अवसर मिलेगा एवं प्रधानमंत्री के ₹2047 तक भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर देश बनाने₹ के स्वप्न को साकार करने की दिशा में एक सार्थक पहल होगी।

# प्रोजेक्ट वर्क और मौखिकी परीक्षा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक: डॉ. खिरोधर प्रसाद यादव



**दुमका:** शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान एसपी. कॉलेज में स्नातक पाठ्यक्रम के सेमेस्टर 5 के विद्यार्थियों के लिए प्रोजेक्ट वर्क से संबंधित मौखिकी परीक्षा (वाइवा-व्होसे) का शुभारंभ कर दिया गया है। इस परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा किए गए प्रोजेक्ट कार्यों का मूल्यांकन किया जा रहा है। यह प्रक्रिया सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप आयोजित की जा रही है, जिसमें विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों द्वारा छात्रों से उनके शोध एवं प्रोजेक्ट कार्यों से जुड़े प्रश्न पूछे जा रहे हैं। कॉलेज प्रशासन के अनुसार सेमेस्टर 5 के विद्यार्थियों के लिए प्रोजेक्ट कार्य पाठ्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका उद्देश्य छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उन्हें व्यावहारिक ज्ञान एवं शोध की दिशा में प्रेरित करना है। मौखिकी परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों से उनके प्रोजेक्ट के उद्देश्य, कार्यप्रणाली, निष्कर्ष तथा समाज में उसके महत्व से संबंधित प्रश्न पूछे जा रहे हैं। इससे विद्यार्थियों की विषयगत समझ और शोध क्षमता का आकलन किया जा रहा है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. खिरोधर प्रसाद यादव ने इस अवसर पर कहा कि प्रोजेक्ट वर्क और मौखिकी परीक्षा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ता है तथा वे अपने विचारों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करना सीखते हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया के माध्यम से छात्रों को भविष्य में उच्च शिक्षा तथा शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरणा मिलती है। मौखिकी परीक्षा के आयोजन के लिए कॉलेज प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ की गई हैं। प्रत्येक विभाग में अलग-अलग समय सारणी के अनुसार परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों को अपने प्रोजेक्ट से संबंधित दस्तावेज, रिपोर्ट तथा आवश्यक प्रस्तुति सामग्री के साथ उपस्थित होना अनिवार्य किया गया है। इसके साथ ही परीक्षा प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए विभागीय शिक्षकों एवं कर्मचारियों की विशेष जिम्मेदारियाँ निर्धारित की गई हैं। कॉलेज के विभिन्न विभागों जैसे विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने अपने-अपने विषयों से संबंधित प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए हैं। इन प्रोजेक्टों में स्थानीय सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय विषयों से लेकर विभिन्न शैक्षणिक विषयों पर आधारित शोध कार्य शामिल हैं। कई विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्ट के माध्यम से क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान के लिए भी महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए हैं। मौखिकी परीक्षा के दौरान परीक्षक छात्रों से उनके प्रोजेक्ट के विषय चयन, शोध पद्धति, आंकड़ों के संग्रहण और विश्लेषण से संबंधित प्रश्न पूछ रहे हैं। इसके साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि छात्र अपने प्रोजेक्ट के विषय को कितनी गहराई से समझते हैं और उसे व्यावहारिक जीवन में किस प्रकार लागू किया जा सकता है। इस प्रकार की परीक्षा प्रक्रिया छात्रों की विश्लेषणात्मक क्षमता और तार्किक सोच को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि यह मौखिकी परीक्षा आगामी कुछ दिनों तक विभिन्न विभागों में चरणबद्ध तरीके से आयोजित की जाएगी। सभी विद्यार्थियों को समय पर उपस्थित होकर परीक्षा में भाग लेने की सलाह दी गई है। साथ ही यह भी कहा गया है कि जिन विद्यार्थियों ने अभी तक अपने प्रोजेक्ट कार्य को पूर्ण नहीं किया है, वे शीघ्र ही उसे पूरा कर संबंधित विभाग में जमा कर दें।

# राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित महिला जनसुनवाई कार्यक्रम संपन्न



**दुमका:** समाहरणालय के सभागार कक्ष में शनिवार को राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया रहाटकर ने की।जन सुनवाई के दौरान महिलाओं से संबंधित कुल 24 विभिन्न मामलों की सुनवाई की गई । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया रहाटकर ने कहा राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की शिकायतों के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करना, उन्हें अपनी समस्याएँ सीधे अधिकारियों के समक्ष रखने का मंच उपलब्ध कराना तथा जमीनी स्तर पर न्याय तक उनकी पहुँच को सशक्त बनाना है। महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने अधिकारियों के साथ की बैठक




**दुमका:** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया रहाटकर ने शनिवार को संथाल परगना प्रमंडल के सभी जिलों के वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ दुमका परिसदन सभागार में बैठक की। बैठक के दौरान महिलाओं के कल्याण से सम्बंधित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की गई तथा महिला सुरक्षा, शिकायत निवारण तंत्र की मजबूती एवं समन्वित प्रशासनिक कार्रवाई सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

### 11 हजार वोल्ट के जर्जर बिजली के तारों से खतरा

# अंडरग्राउंड वायरिंग और बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग

## बेलवाटिका चौक पर 11 हजार वोल्ट का तार गिरने से बड़ा हादसा होते-होते बचा

मेट्रो रेज संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** मेदिनीनगर शहर में जर्जर हो चुके 11 हजार वोल्ट बिजली तारों को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता शर्मिला वर्मा ने गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि शहर में कई जगहों पर बिजली के तार और इंसुलेटर दशकों पुराने हो चुके हैं, फिर भी उन्हीं के सहारे बिजली आपूर्ति की जा रही है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

उन्होंने बताया कि हाल ही में बेलवाटिका चौक पर 11 हजार वोल्ट का तार गिरने से एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। उस समय सुबह दूध लेने के लिए लोगों की भीड़ थी, ऐसे में यदि स्थिति गंभीर हो जाती तो कई लोगों की जान जा सकती थी।



शर्मिला वर्मा ने कहा कि रामनवमी के समय मेदिनीनगर के लोग 26 वर्ष पहले हुए बड़े हादसे को याद कर सिहर उठते हैं। इसके बावजूद बिजली विभाग और जनप्रतिनिधियों की ओर से ठोस पहल नहीं की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि 11 हजार वोल्ट की अंडरग्राउंड वायरिंग की योजना लंबे समय से लंबित है, जबकि केबल बिछाने के नाम पर राशि भी खर्च हो चुकी है लेकिन उसका परिणाम जमीन पर नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि गर्मी शुरू होते ही शहर में बिजली की आंख-मिचौली शुरू हो जाती है। खासकर न्यू पीएचडी फीडर के उपभोक्ता इससे काफी परेशान हैं। सुबह होते ही बिजली कट जाती है और लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सामाजिक कार्यकर्ता ने यह भी बताया कि न्यू पीएचडी फीडर के लिए सब-स्टेशन में लगाया गया ब्रेकर भी सही तरीके से काम नहीं कर रहा है। सामान्य स्थिति में किसी गड़बड़ी पर ब्रेकर तुरंत ट्रिप होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। उन्होंने शासन और प्रशासन से मांग की है कि शहर की बिजली व्यवस्था की जल्द समीक्षा कर जर्जर तारों और उपकरणों को बदला जाए, ताकि मेदिनीनगर के लोग सुरक्षित महसूस कर सकें और भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।